

पेज 07
विशेष समाचार | अमेरिका और चीन में बढ़ती ... >> पेज 04 | परीक्षा देने गई 23 साल की... >> पेज 06 | सलमान खान ने उधार लेकर पिता के लिए...

## 24 हजार से अधिक अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार किया

# शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि बच्चों को तेजस्वी, संस्कारी और सकारात्मक सोच वाला नागरिक बनाना भी होना चाहिए।




**सौगात**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के 24 हजार 717 अंशकालिक अनुदेशकों को बड़ी सौगात देते हुए बढ़े हुए मानदेय के चेक वितरित किए। उत्तर प्रदेश सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपए से बढ़ाकर 17 हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया है। लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग कर रहे अनुदेशकों के लिए यह फैसला बड़ी राहत माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की असली ताकत उसके शिक्षक होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी मजबूत भवन की तरह शिक्षा व्यवस्था की भी एक मजबूत नींव होती है।

>> (शेष पेज 06 पर)



## स्कूलों में ड्रॉपआउट 18% से घटकर 3% हुआ

सीएम योगी ने कहा, "पहले यूपी के स्कूलों में ड्रॉपआउट रेट 17-18% था। यानी हर 100 में से 17-18 बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ देते थे। अब इसे घटाकर 3% तक लाने में सफलता मिली है। स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बेसिक शिक्षक और अनुदेशकों की भर्ती भी की जाएगी। पहले बेसिक शिक्षा व्यवस्था में अव्यवस्था थी, अब उसका कायाकल्प हुआ है।" उन्होंने कहा कि बच्चों में स्वच्छता, अनुशासन और संस्कार विकसित करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। यदि कोई बच्चा स्कूल की साफ-सफाई में सहयोग करता है।

### यूपी में ड्रॉपआउट रेट में आई बड़ी गिरावट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आए बदलावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ड्रॉपआउट रेट 17 से 18 प्रतिशत तक था। यानी हर 100 में से करीब 17-18 बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ देते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सरकार के प्रयासों से यह आंकड़ा घटकर लगभग 3 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन बेसिक शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की मेहनत का परिणाम है। स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है और शिक्षा के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है।

### 2011-12 में हुई थी 41 हजार से अधिक अनुदेशकों की भर्ती

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2011-12 में प्रदेश के 13,769 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 41 हजार 307 अनुदेशकों की भर्ती की गई थी। उस समय उन्हें प्रतिमाह केवल 7 हजार रुपए मानदेय दिया जाता था। वर्तमान में प्रदेश में करीब 24 हजार 296 अनुदेशक कार्यरत हैं, जो लगातार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2022 में अनुदेशकों के मानदेय में 2 हजार रुपए की वृद्धि की थी और अब एक बड़ा निर्णय लेते हुए इसे सीधे 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपए कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था में योगदान दे रहे शिक्षकों के सम्मान का प्रतीक है।

### वैश्विक संकट के बीच पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैश्विक हालात और देश की आर्थिक स्थिति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ईरान-अमेरिका तनाव के कारण पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। अमेरिका जैसे संसाधन संपन्न देशों में भी महंगाई चरम पर है।

उन्होंने कहा कि भारत में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समय रहते महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिसका लाभ देश को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में देशहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़े रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे में प्रतिभा और संभावनाएं छिपी होती हैं। बच्चों को डांटने, मारने या अपमानित करने के बजाय उन्हें सही दिशा और सकारात्मक वातावरण देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले बेसिक शिक्षा व्यवस्था अव्यवस्था और उपेक्षा का शिकार थी, लेकिन अब उसका व्यापक कायाकल्प हुआ है। आने वाले समय में बेसिक शिक्षा विभाग में नई भर्तियां भी की जाएंगी।

## जयपुर-भोपाल समेत 19 शहरों में हीट एक्शन प्लान अधूरा

नई दिल्ली। शहरों को गर्मी से बचाने के लिए बनाया गया हीट एक्शन प्लान ज्यादातर शहरों में प्याऊ लगाने, एडवाइजरी जारी करने और अस्पतालों में अस्थायी इंतजाम तक सीमित है। 2016 में सरकार ने पहले चरण में दिल्ली, अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, जयपुर और चेन्नई समेत 20 शहरों के लिए यह योजना शुरू की थी। मकसद था कि लू के असर को कम किया जा सके और गर्मी के दौरान सामान्य कामकाज बना रहे। अहमदाबाद को छोड़कर ज्यादातर शहरों में कूल रूफ, ग्रीन कवर बढ़ाने और गर्मी के लिहाज से संवेदनशील इलाकों की पहचान जैसे कदमों पर काम नहीं हुआ। 2024 में हीट स्ट्रोक के 25 हजार मामले और 56 मौतें दर्ज हुई थीं। 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 40 हजार केस और 110 मौतों तक पहुंच गया। 2026 में महाराष्ट्र अकेले अब तक 236 केस और 6 मौतें दर्ज कर चुका है।

# पीएम मोदी 8 साल बाद स्वीडन दौरे पर

## स्वीडिश पीएम एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंचे

तमसा संकेत, एजेंसी



एम्सटर्डम। पीएम मोदी 8 साल बाद स्वीडन दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने साल 2018 में स्वीडन का दौरा किया था। उनके विमान के स्वीडन की सीमा में पहुंचते ही स्वीडिश फाइटर जेट्स ने उसे एस्कॉर्ट किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन पीएम मोदी को रिसीव करने गोथेनबर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसे दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। होटल पहुंचने पर पीएम मोदी की बंगाली तरीके से आरती उतारी गई। यह दौरा भारत और स्वीडन के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इस दौरान व्यापार, तकनीक, रक्षा और ग्रीन एनर्जी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों की भी उम्मीद है। स्वीडन दौरे के दौरान पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)


# केरलम में सीएम समेत 21 मंत्री बनेंगे, सभी नाम फाइनल

## इनमें कांग्रेस के 12, आईयूएमएल के 5 विधायक

तमसा संकेत, एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरलम में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) की नई सरकार के शपथ ग्रहण से पहले रविवार को 20 मंत्रियों की पूरी कैबिनेट फाइनल हुई। CM के अलावा 11 और मंत्री कांग्रेस से हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (IUML) के 5 विधायकों को कैबिनेट में जगह दी गई है। केरल कांग्रेस, केरल कांग्रेस (जैकब) रेवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (RSP) और CMP (कम्युनिस्ट मार्क्सिस्ट पार्टी) से 1-1 मंत्री हैं। IUML के मुताबिक पार्टी विधायक परक्कल अब्दुल्ला को 2.5 साल बाद कैबिनेट में शामिल किया जाएगा। हालांकि पार्टी ने यह नहीं बताया कि अब्दुल्ला को शामिल करने के लिए क्या किसी मंत्री को हटाया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



केरलम में UDF सरकार

**सबसे ज्यादा कांग्रेस के 12 मंत्री**

| कांग्रेस | IUML |
|---|---|
| 1. वीडी सतीशन (मुख्यमंत्री) | 13. पीके कुन्हालिकुट्टी |
| 2. रमेश चेन्नीथला | 14. एन शमसुद्दीन |
| 3. सनी जोसेफ | 15. केएम शाजी |
| 4. के मुरलीधरन | 16. पीके बशीर |
| 5. एपी अनिल कुमार | 17. वीई अब्दुल गफूर |
| 6. पीसी विष्णुनाथ | **केरल कांग्रेस** |
| 7. रोजी एम जॉन | 18. मॉन्स जोसेफ |
| 8. बिंदु कृष्णा | **केरल कांग्रेस (जैकब)** |
| 9. एम लिजू | 19. अनूप जैकब |
| 10. टी सिद्दीकी | **RSP** |
| 11. केए थुलसी | 20. शिबू बेबी जॉन |
| 12. ओजे जनीश | **CMP** |
| | 21. सीपी जॉन |

*कुट्टियाडी से IUML विधायक परक्कल अब्दुल्ला को 2.5 साल बाद कैबिनेट में शामिल किया जाएगा।*

**फास्ट न्यूज**

### त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में आग लगी

कोटा। कोटा मंडल में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के 2 कोच में आग लग गई। हादसा रविवार सुबह करीब 5.15 बजे कोटा मंडल के लूणी रीछा-विक्रमगढ़ आलोट (मध्य प्रदेश) स्टेशन के बीच हुआ। आग ट्रेन के कोच नंबर B-1 और उसके पीछे लगे सेकेंड लगेज कम गार्ड वैन में लगी थी।

**जलन राजनीति**

### विजय मुझसे 25 साल जूनियर, मैं उनसे नहीं जलता : रजनीकांत

चेन्नई। तमिल सुपरस्टार रजनीकांत ने रविवार को कहा कि चुनाव नतीजों के बाद स्टालिन से उनकी मुलाकात राजनीतिक नहीं, बल्कि दोस्ती की वजह से थी। उन्होंने विजय से जलने की बातों को भी खारिज किया। रजनीकांत ने कहा, यह सही है कि मैं चुनाव नतीजों के बाद पूर्व सीएम स्टालिन से मिला था, लेकिन मैं राजनीति के लिए किसी भी स्तर तक गिरने वाला व्यक्ति नहीं हूं। स्टालिन पिछले 30 साल से मेरे दोस्त हैं। हमारी दोस्ती राजनीति से परे है। विजय को लेकर चल रही चर्चाओं पर रजनीकांत ने कहा, "कुछ लोग कह रहे हैं कि मैं विजय से जलता

### भारत में घुसपैठ के बाद आतंकी ने हेयर ट्रांसप्लांट कराया

श्रीनगर। भारत में आतंकी हमलों को अंजाम देने के मकसद से घुसे लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के एक पाकिस्तानी आतंकी ने अपना सपना पूरा करने के लिए मिशन को बीच में रोक दिया। आतंकी ने श्रीनगर में हेयर ट्रांसप्लांट कराया और फर्जी आधार-पैन बनवाकर भारत से भागने की योजना बना रहा था।

## पीएम ने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया : राहुल गांधी

### 9वीं आरोपी मंधारे सीबीआई कस्टडी में भेजी गई

**सवाल**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने रविवार को NEET पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार से सवाल किया। उन्होंने X पोस्ट में लिखा, 'NEET 2024 का भी पेपर लीक हुआ था, लेकिन परीक्षा रद्द नहीं की गई। CBI ने जांच बिठाई। बार-बार फेल हो रहे शिक्षा मंत्री को पीएम मोदी बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं।' राहुल ने आगे लिखा- NEET 2026 का पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हुई। मंत्री ने फिर इस्तीफा नहीं दिया। CBI फिर जांच कर रही है। मोदी जी देश आपसे सवाल पूछ रहा है- जवाब दो, बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं?

>> (शेष पेज 06 पर)



### राहुल ने नीट के साथ सीबीएसई का भी मुद्दा उठाया

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि सीबीएसई के खराब OSM सिस्टम के कारण 12वीं के कई छात्रों को उम्मीद से कम अंक मिले। CBSE ने अब 9वीं क्लास के लाखों छात्रों को 1 जुलाई से नई भाषा सीखने का कहा है। न कोई बुक और 14 साल के बच्चों को काम चलाऊ उपाय के तौर पर 6वीं कक्षा की किताबें थमा दी गई हैं।

# यूएई के न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन अटैक

## ईरान पर हमले का शक, होर्मुज पार कर एक और एलपीजी टैंकर भारत पहुंचा

**धमाका**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन। UAE के अल धफरा इलाके में स्थित बराकाह न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के बाहर ड्रोन हमले के बाद एक बिजली जनरेटर में आग लग गई। अबू धाबी मीडिया ऑफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। साथ ही न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा और रेडिएशन स्तर पर भी कोई असर नहीं पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, प्लांट की सभी जरूरी मशीनें और सिस्टम सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### एक्सपर्ट बोले- होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल कानून के खिलाफ

कतर स्थित जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल एक्सपर्ट पॉल मस्क्रेव ने कहा है कि होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। अल जजीरा से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह कदम संयुक्त राष्ट्र के समुद्री कानून समझौते का साफ उल्लंघन है।





बहरीन समर्थित प्रस्ताव को गलत समय और गलत कंटेंट वाला बताया।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

1. इजराइल-लेबनान सीजफायर 45 दिन बढ़ाः अमेरिका की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच 45 दिन संघर्षविराम बढ़ाया गया। 29 मई को सैन्य प्रतिनिधियों की बैठक भी होगी।

2. ट्रम्प बोले- ईरान 20 साल परमाणु कार्यक्रम रोके तो मंजूरः ट्रम्प ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर पहली बार स्थायी रोक की बजाय 20 साल के सस्पेंशन की बात कही। साथ ही कहा कि ईरान को लेकर उनका धैर्य खत्म हो रहा है।

3. चीन ने होर्मुज पर अमेरिकी प्रस्ताव का विरोध कियाः चीन ने होर्मुज पर यूएन में अमेरिका-बहरीन समर्थित प्रस्ताव को गलत समय और गलत कंटेंट वाला बताया।

4. तेहरान में यूएस-इजराइल हमलों से 1260 मौतें: ईरान की राजधानी तेहरान में अमेरिका के इजराइल के हमलों में 1260 मौतें और 51 हजार घर, 10 हजार से ज्यादा गाड़ियां और सैकड़ों बाइक भी क्षतिग्रस्त हुईं।

5. दक्षिण लेबनान में इजराइली हमले जारीः सीजफायर बढ़ने के बावजूद इजराइल ने कई इलाकों में एयरस्ट्राइक और गोलाबारी की। लगातार हमलों के कारण लोग पलायन कर रहे हैं।

## हंगामा : कोर्ट के बाहर चैंबर पर बुलडोजर चलता देख भड़के, पुलिस ने खदेड़ा

# लखनऊ में वकीलों पर लाठीचार्ज, पथराव

- कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया।
- नगर निगम और प्रशासन की टीम वकीलों की चटाई और कुर्सियां गाड़ी में भरकर ले गई।
- कार्रवाई के दौरान एक वकील ने चैंबर बंद कर फंदे से लटकने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बगल का चैंबर तोड़कर उसे बाहर निकाला।



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ जिला कोर्ट के बाहर रविवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। बुलडोजर से चैंबर तोड़े जाने के विरोध में वकील भड़क गए। कई वकील बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। पुलिस अफसरों ने हटाने की कोशिश की, बहस बढ़ी, तो पुलिस ने वकीलों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)

### करीब 90 चैंबर तोड़े गए

स्वास्थ्य भवन की तरफ के 72 चैंबर टूटे हैं। निबंधन भवन की तरफ के 17-18 चैंबर टूटे हैं। अभी यह नगर निगम की तरफ से बताया जा रहा है। हालांकि वकीलों का कहना है कि 200 से अधिक चैंबर टूटे हैं। फिलहाल निबंधन भवन की तरफ जो चैंबर नाले पर बने हैं। अभी उस पर अभियान चलाया जाएगा, लेकिन आज अब कार्रवाई होना मुश्किल है।

### 'पुलिस और पीएसी ने अधिवक्ताओं को घेरकर लाठी चार्ज किया'

राहुल प्रियदर्शी ने कहा- अधिवक्ता पहले ही चैंबर खाली कर चुके थे। फिर भी नगर निगम की टीम पुलिस और पीएसी लेकर आई। यहां अखंड रामायण का पाठ चल रहा था।

अधिवक्ताओं पर पहले पथराव किया गया। उसके बाद पुलिस और पीएसी ने घेरकर लाठी चार्ज किया। हाथ में फ्रैक्चर हुआ है।



### नगर निगम के बुलडोजर गए

*कार्रवाई बंद हो गई है। पुलिस बल और नगर निगम की टीम हट गई है बुलडोजर भी चले गए हैं। कार्रवाई के डर से पूरे इलाके की रेहड़ी पटरी दुकानदारों ने दुकान बंद कर दी है। सामान्य रूप से कुछ पुलिसकर्मी तैनात हैं।*

## बीजेपी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल : योगी

### गोरखपुर में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग में सभी कार्यकर्ताओं के मोबाइल जमा कराए गए

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, एजेंसी




गोरखपुर। गोरखपुर में BJP के जिला प्रशिक्षण वर्ग का CM योगी ने शुभारंभ किया। सहजनवा विधानसभा क्षेत्र के एक रिजार्ट में रविवार का आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा- भाजपा दुनिया की सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। बीजेपी ने स्थापना काल से लेकर अब तक 50 वर्ष से भी कम समय में देश में केंद्र के साथ 22 राज्यों में अपने दम पर सरकार बनाई है। उन्होंने कहा- भाजपा देश ही नहीं दुनिया का एकमात्र ऐसा दल है, जिसने हमेशा इस बात की घोषणा मजबूती के साथ की है कि राष्ट्र प्रथम, दल द्वितीय और व्यक्ति का हित अंतिम। जिला प्रशिक्षण वर्ग 2 दिन 17 मई और 18 मई को चलेगा। मोबाइल प्रतिबंधित होने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं के मोबाइल विधानसभावार बनाए गए काउंटर पर जमा कराए गए। इससे पहले सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 150 लोगों की समस्या सुनी।

- गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों की समस्याओं को सुना।

## एसटीएफ चीफ बोले- पुलिस की छवि खराब हो रही, रील बनाई तो एक्शन तय

# यूपी के रीलबाज पुलिस अफसर-सिपाही नपेंगे






**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। यूपी में पुलिस के अफसर और जवान लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। बड़े अफसरों की बार-बार चेतावनी के बावजूद उनकी रीलबाजी थम नहीं रही है। मुजफ्फरनगर में अभी 4 दिन पहले ही रील बनाने के आरोप में एक दरोगा और कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया।

इसके बाद शनिवार को STF चीफ और अपर पुलिस महानिदेशक (ADG) कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने सख्त आदेश जारी किया। उन्होंने साफ कहा है कि रीलबाज पुलिस अफसर और जवानों को बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पॉलिसी का उल्लंघन करने वाले



पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। आदेश में कहा गया है- यूपी पुलिस के लिए 8 फरवरी, 2023 को 'सोशल मीडिया पॉलिसी' जारी की गई थी। इसके बावजूद सेवारत (सर्विस में मौजूद) और ट्रेनी (प्रशिक्षु) पुलिसकर्मी लगातार नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। वे सोशल मीडिया पर रील्स और अन्य माध्यमों से आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर रहे हैं। इससे न केवल उनका सरकारी काम प्रभावित हो रहा, पुलिस की गरिमा और छवि को भी गहरा धक्का लग रहा है। सभी जिलों को आदेश दिया गया है कि वे अपने ऐसे पुलिसकर्मियों की पहचान करें, जो सोशल मीडिया पॉलिसी का उल्लंघन कर रहे हैं।

### नए सिपाही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव

साल- 2025 में यूपी पुलिस ने करीब 60 हजार सिपाहियों की भर्ती की थी। इसमें ज्यादातर 18 से 25 साल के महिला-पुरुष शामिल थे। ये युवा न केवल शारीरिक और लिखित परीक्षा में कुशल साबित हुए, बल्कि सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय हैं। उनकी प्रोफाइल्स में वर्दी की तस्वीरें, ट्रेनिंग सेंटर के वीडियो और 'सपने वो नहीं जो सोते वक्त देखे जाते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने न दें' जैसे प्रेरणादायक कोट्स आम हैं। कुछ ने अपने बॉयो में UP Police, Serving the Nation जैसी लाइनें भी जोड़ दी हैं।

### वायरल रील्स में सिंघम बनने की होड़

सोशल मीडिया पर नए सिपाहियों की रील्स में ज्यादातर युवा फिल्मी गानों पर लिप्सिंग करते, डायलॉग्स बोलते या ट्रेनिंग के दौरान ड्रिल्स को ड्रामेटिक अंदाज में पेश करते दिख रहे हैं। कई सिपाहियों ने अपने यूजरनेम में COP या UP Police जोड़ लिया है। अपनी प्रोफाइल को सिंघम या सूर्या जैसे किरदारों से प्रेरित बॉयो से सजा लिया है। कुछ रील्स में तो नए सिपाही लोहे के बॉक्स पर पुलिस लिखवाकर गांव में जुलूस निकालते या ट्रेनिंग सेंटर जाते समय भावुक विदाई के सीन दिखाते नजर आ रहे हैं।

# राजधानी में ढाबा संचालक को बदमाशों ने गोली मारी

## इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, सीसीटीवी की मदद से तलाश जारी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ में बाइक सवार बदमाशों ने एक ढाबा संचालक को गोली मार दी। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना मड़ियांव थानाक्षेत्र में रविवार शाम को हुई। तरहिया सैरपुर निवासी विजय यादव (28) पुत्र हनुमान प्रसाद यादव का भिटौली तिराहे के पास स्थित यादव ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट है। शाम करीब 4:30 बजे अपने ढाबे के पास मौजूद थे। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही विजय यादव गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना की सूचना



मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल विजय को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मौके पर पुलिस के उच्चाधिकारी, स्थानीय थाना पुलिस और फील्ड यूनिट टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है। फिलहाल घटना के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

**ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारी मौसम ने बताया- वह नहाकर बाहर आया था। जीने पर खड़ा था। तभी अचानक से गोली चलने की आवाज आई। नीचे जाकर देखा तो मालिक विजय बेहोश होकर जमीन पर पड़े थे।**

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में पानी की टंकी पर चढ़ी युवती

लखनऊ। लखनऊ के गोमती नगर इलाके में एक युवती पानी की टंकी पर चढ़ गई। आसपास के लोगों ने उसे देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद समझा-बुझााकर उसे नीचे उतारा।

इंस्पेक्टर गोमती नगर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, अयोध्या निवासी युवती ने लखीमपुर के युवक से लव मैरिज की थी।

### स्टूडेंट्स का एनटीए के खिलाफ पैदल मार्च-पुलिस ने रोका

लखनऊ। लखनऊ में रविवार को परिवर्तन चौक पर विरोध प्रदर्शन हुआ। NEET परीक्षा रद्द होने और पेपर लीक से नाराज नेशनल स्टूडेंट्स एंड यूथस फ्रंट (NSYF) ने परिवर्तन चौक से कलेक्ट्रेट तक विरोध मार्च निकालने का प्रयास किया, मगर पुलिस कर्मियों ने परिवर्तन चौक पर ही रोक दिया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने NTA (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने NTA को ब्लैक लिस्ट करके मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

### युवक से लूट, बाइक-मोबाइल और नकदी छीनी

मोहनलालगंज । लखनऊ के निगोहा थाना क्षेत्र में ड्यूटी से लौट रहे एक युवक से लूट की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने युवक को रोककर मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नकदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना शनिवार तड़के करीब 3:20 बजे हुई, जब रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र निवासी अजीत सिंह अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे।

# व्यवसायी के बंद मकान में लाखों की चोरी

## मुंह पर गमछा लपेटकर घुसे 3 चोर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के सरोजनी-नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक फर्नीचर व्यवसायी के बंद मकान में लाखों रुपये की चोरी हो गई। नकाबपोश चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहनों और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बद्री नगर निवासी फर्नीचर व्यवसायी इबरार अहमद का बिजनौर में कारखाना है। इबरार के अनुसार, वह 13 मई को अपने परिवार के साथ अमेठी जिले में स्थित पैतृक गांव कनकथौरी में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान उनका घर बंद था। 16 मई शनिवार को पड़ोसी ने इबरार को फोन पर मुख्य गेट का ताला टूटा होने की सूचना दी।



सूचना पाकर इबरार परिवार सहित घर पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि अलमारी से सोने-चांदी के हार, कंगन, चूड़ियां, झुमके, चेन और अंगूठियां सहित अन्य कीमती सामान गायब था।

घर के सामने पड़ोसी के मकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में तीन अज्ञात युवक मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए दिखाई दिए, जो देर रात ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर रहे थे।

## 61 करोड़ से अधिक लागत वाले 132 केवी विद्युत उपकेंद्र का हुआ शिलान्यास

# एके शर्मा के प्रयासों से मधुबन को मिली बड़ी विद्युत सौगात

**शिलान्यास**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने मऊ भ्रमण के दौरान मधुबन तहसील के पदारथपुर में 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। लगभग 61.11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अत्याधुनिक विद्युत उपकेंद्र की कुल क्षमता 2×63 एमवीए (126 एमवीए) होगी, जिससे मऊ जनपद की मधुबन तहसील तथा बलिया जनपद की बेल्थरा रोड तहसील के लाखों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा




ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती विद्युत मांग और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए इस नवीन विद्युत उपकेंद्र का निर्माण अत्यंत आवश्यक था। वर्तमान में क्षेत्र के निकटतम 132 केवी उपकेंद्र कटघर महलू, सेभरी जमालपुर एवं सिकंदरपुर (बलिया) काफी दूरी पर स्थित हैं, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती थी।उन्होंने बताया कि नए उपकेंद्र के निर्माण के बाद 33 केवी लाइनों की लंबाई कम हो जाएगी, जिससे ब्रेकडाउन की घटनाओं में कमी आएगी तथा लो-वोल्टेज की समस्या से भी राहत मिलेगी। इससे बेलौली, भोलना पार, मधुबन ओल्ड, बेल्थरा रोड, पशुहारी एवं दुपार सहित कई विद्युत उपकेंद्रों की आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी।

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति की दिशा में बड़ा कदम

प्रस्तावित 132 केवी विद्युत उपकेंद्र पदारथपुर के निर्माण से मऊ एवं बलिया जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति अधिक विश्वसनीय एवं निर्बाध हो सकेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों, व्यापारियों एवं छोटे उद्योगों को पर्याप्त लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।



### आज का दिन मेरे लिए भावुक और प्रसन्नता का क्षण - ए.के. शर्मा

अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मां सरयू के आशीर्वाद से मधुबन की पावन धरती पर एक और संकल्प साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक विद्युत उपकेंद्र नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास, उद्योग, शिक्षा और जनसुविधाओं को नई गति देने वाला महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के नेतृत्व में गांव-गांव तक बेहतर विद्युत व्यवस्था पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों का जीवन आसान हो सके।

## छात्रों ने आधी रात किया हंगामा, आरोप- वार्डन ने पीटा, 20 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई


# बीबीडी यूनिवर्सिटी में मेस के खाने को लेकर बवाल

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ की BBD यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को आधी रात मेस के खराब खाने को लेकर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। बीटेक और बीसीए के छात्रों ने भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए विरोध किया। आरोप है कि शिकायत करने पर वार्डन ने छात्रों से अभद्रता और मारपीट की, जिसके बाद आक्रोश बढ़ा। घटना सीएमडी ब्लॉक की बताई जा रही है। छात्रों के मुताबिक, मेस में परोसा गया खाना खराब था। इसे लेकर जब उन्होंने शिकायत की तो ब्लॉक हेड शुभम प्रताप सिंह ने कथित तौर पर कहा कि यही खाना खाना पड़ेगा। छात्रों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ वार्डन ने हाथापाई भी की। बीबीडी छात्रों के हंगामे के मामले



में 25 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रपट लिखी गई है। सूचना मिलने के बावजूद थाने में तैनात पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। इसके बाद जब उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां बीबीडी थाने से कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए 20 से अधिक पुलिसक-र्मियों की रपट लिखवा दी। पुलिस उपायुक्त पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि एडीसीपी अमोक मुर्कुट ने लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ रपट दर्ज कराई है।



छात्र यूनिवर्सिटी के गेट से निकलकर अयोध्या हाईवे पर आ गए। वहां बीबीडी यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

### छात्र ने नॉनवेज बाहर से मंगाया

बताया जा रहा है कि एक छात्र ने बाहर से नॉनवेज मंगवाया था। वह मेस से रोटी ले आया और अपने हॉस्टल रूम में खा रहा था। इसकी सूचना वार्डन तक पहुंच गई। वार्डन ने उसे अपने कार्यालय बुलाया। वहां उसके साथ मारपीट की, जिसके बाद छात्रों का आक्रोश बढ़ गया।

### लखनऊ-अयोध्या हाईवे जाम करने की कोशिश

छात्रों ने कहा कि वे बाहर से सब्जी मंगाकर खाना खा लेंगे, लेकिन खराब भोजन नहीं खाएंगे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में छात्र हॉस्टल से बाहर निकल आए और नारेबाजी शुरू कर दी। आक्रोशित छात्र लखनऊ-अयोध्या हाईवे की ओर बढ़े और जाम लगाने की कोशिश की। करीब आधे घंटे तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर पुलिस और यूनिवर्सिटी प्रशासन मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने छात्रों को समझाकर शांत कराया, जिसके बाद मामला नियंत्रित हो सका। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# छात्रा से अश्लील बातें करने वाले प्रोफेसर का चैंबर सील

## एलयू कैंपस पहुंचकर पुलिस ने कमरे को खंगाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रा को पेपर आउट करने लालच देकर फोन पर अश्लील बातें करने वाले प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह को पुलिस ने जेल भेजा दिया है। अवकाश होने के बाजवूद पुलिस ने लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस में पहुंचकर उसका चैंबर खंगाला। उसके लैपटॉप और मोबाइल कब्जे में लेकर चैंबर सील कर दिया।

LU की आंतरिक शिकायत समिति (ICC) ने अपनी जांच पूरी कर ली है। सोमवार को होने वाली कार्य परिषद की आपात बैठक में जांच रिपोर्ट रखी जाएगी। इसके आधार पर ही परिषद शिक्षक के मामले में फैसला लेगी।

विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.परमजीत सिंह और बीएससी फाइनल ईयर



प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह, आरोपी


की एक छात्रा के बीच बातचीत का दो ऑडियो शुक्रवार को वायरल हुआ था। इसमें डॉ.परमजीत छात्रा से कह रहे थे कि उन्होंने उसके लिए दो पेपर लीक करा दिए हैं, आकर मुझसे मिलो। इस ऑडियो के बाद परिसर में भारी बवाला हुआ। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन-फानन में शिक्षक के खिलाफ पुलिस में पेपर लीक करने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया। फिर पुलिस ने शिक्षक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शनिवार को जूलॉजी डिपार्टमेंट में शिक्षक डॉ.परमजीत सिंह के कमरों की गहन तलाशी ली।

# सर्राफा मार्केट में सन्नाटा

## कारोबारी बोले- पीएम मोदी की अपील के बाद नहीं आ रहे कस्टमर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई को देशवासियों से 1 साल तक सोना न खरीदने की अपील की थी। जिसका असर लखनऊ के सर्राफ मार्केट पर साफ नजर आ रहा है। कारोबारियों का कहना है कि कोई भी ग्राहक नहीं आ रहा है। दिनभर खाली बैठे रहते हैं। इससे परेशानी बढ़ने लगी है। कारोबारी इस बात पर सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि आगे व्यापार कैसे किया जाएगा? लेकिन इसका जवाब नहीं मिल पा रहा है। सर्राफ आदीश कुमार जैन ने कहा कि व्यापारी हमेशा राष्ट्रहित के साथ रहा है, मगर हमारी समस्या यह है कि हमारा रोजगार इसी पर टिका है। हमारे यहां काम करने वाले कारीगर और कर्मचारियों की रोजी-रोटी इसी पर टिकी है। हमारे यहां लोकल के साथ महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार के कारीगर बड़ी संख्या में है। सभी अपनी जीविका चलाने के लिए



आए हैं। अगर एक बार सप्लाई चैन ब्रेक हो जाएगी तो उसका असर सबकी जीविका पर पड़ेगा।

कारोबारी विनोद माहेश्वरी ने कहा कि मिडिल ईस्ट में युद्ध से पहले ही यह बाजार डाउन था। पीएम के आवाह्न के बाद 15% तक गिरावट आई है। लखनऊ में 3500 सर्राफा की छोटी-बड़ी दुकान हैं। जिसमें काम करने वाले डायरेक्टर और इनडा-यरेक्ट 2 लाख से अधिक लोग जुड़े हैं। सबसे बड़ा सवाल है कि 1 साल में उन कर्मचारियों कि क्या स्थिति होगी? जब व्यापार कम होगा तो हम लोग भी स्टाफ कम करने पर मजबूर हो जाएंगे। पूरे दिन में बहुत मुश्किल से एक से दो ग्राहक आते हैं। उनसे ही थोड़ा बहुत व्यापार कर पा रहे हैं। हमने प्रधानमंत्री के कहने से ताली और थाली सब कुछ बजाया। हमेशा सहयोग किया।

### 'शादी विवाह के लिए ज्वेलरी बेचेंगे'

आदीश कुमार ने कहा कि सबसे बड़ी चिंता यह है कि हमारे कर्मचारी हाउस लोन और गाड़ियों का लोन ले रखा है उसकी किस्त कैसे जमा करेंगे? व्यापारियों ने यह फैसला किया है कि हम 999 बुलियन नहीं बेचेंगे।

जिनके घरों में शादी विवाह है, उनके लिए जेवर बेचेंगे। हमारी कोशिश है कि प्रधानमंत्री बात भी रह जाए और काम भी चलता रहे।

## कार्रवाई : आरोपी बिजनेसमैन-दोस्त गिरफ्तार, अपार्टमेंट पर बुलडोजर चला, होटल-3 कारें सीज

# महिला मैनेजर सुसाइड केस में योगी की फटकार के बाद एक्शन

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के गोमतीन-गर विस्तार में सैलून मैनेजर रत्ना सिंह (31) सुसाइड केस में रविवार को मुख्य आरोपी बिजनेसमैन शरद सिंह और उसके दोस्त प्रशांत शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले शनिवार को उसके अपार्टमेंट पर बुलडोजर चला। अपार्टमेंट में हुए अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। उसका होटल, सैलून और 3 कारें भी सीज कर दी गईं।

दरअसल, बिजनेसमैन शरद सिंह के सैलून में मैनेजर रत्ना ने 12 मई को फांसी लगाकर जान दे दी थी। सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाया था, जिसमें बिजनेसमैन,



रत्ना सिंह मृतका

उसकी पत्नी पल्लवी सिंह समेत कई लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। रत्ना के पिता सुधीर सिंह ने 5 लोगों पर नामजद FIR कराई थी।

कार्रवाई न होती देख 15 मई को सीएम योगी से मुलाकात की। उन्होंने 16 मई को एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि शरद अपने रसूख का इस्तेमाल कर बचता फिर रहा है।

### 'गलत कामों को उजागर करने पर प्रताड़ित किया'

रत्ना के पिता सुधीर सिंह का कहना है- बेटी आरोपी शरद सिंह के काले कामों के बारे में जान गई थी, जिसके लिए उसे परेशान किया जाने लगा था। वह होटल की आड़ में चल रहे गलत कामों में साथ नहीं देती थी। बेटी काफी हिम्मती थी, लेकिन टूट गई। कोई बात परिवार तक न पहुंचे, इसलिए मौत को गले लगा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही के चलते शरद समेत अन्य आरोपी फरार होने में कामयाब हुए।




मुख्य आरोपी शरद सिंह लग्जरी लाइफ का शौकीन है।

### वीडियो बनाकर किया था सुसाइड, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

गोरखपुर निवासी रत्ना सिंह ने वीडियो बनाकर 12 मई को गोमती-नगर विस्तार के शालीमार विस्टा अपार्टमेंट में सुसाइड कर लिया था। उसने बिजनेसमैन, उसकी पत्नी के अलावा मंगल यादव, वैशाली और प्रशांत शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए थे।

रत्ना के पिता सुधीर की शिकायत पर गोमतीनगर विस्तार थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने 24 घंटे में सिर्फ एक आरोपी मंगलनाथ यादव को पकड़ा। वह शरद के होटल में काम करता था। सुधीर ने 16 मई को एक वीडियो जारी कर बताया कि उनकी बेटी लखनऊ में विरासत कंपनी में काम करती थी। उसने फांसी लगाने से पहले वीडियो में शरद सिंह सहित उसके साथियों का नाम लिया। बताया कि इन लोगों ने शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित किया। जिसकी वजह से ये कदम उठा रही हूं।

## लंबित मामलों के जल्द निस्तारण के दिए निर्देश, पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुई मासिक अपराध गोष्ठी

# अपराध नियंत्रण पर सख्त हुए एसएसपी जय प्रकाश सिंह

**आयोजन**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**बैठक के दौरान जिले की वर्तमान कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं और जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

उन्नाव। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने की। बैठक में जिले के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे। एसएसपी ने जिले में चोरी और नकबजनी की घटनाओं



को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात में गश्त व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा संवेदन-शील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाए।

### माफिया और अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई तेज करने के निर्देश

गोष्ठी में माफिया तत्वों एवं संगठित अपराध से जुड़े अपराधियों पर भी चर्चा की गई। एसएसपी ने गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध शराब, अवैध शस्त्र निर्माण एवं तस्करी, जुआ और मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाने पर जोर देते हुए लगातार कार्रवाई जारी रखने को कहा गया।



### महिला अपराधों को लेकर अपनाया सख्त रुख

बैठक में महिला सुरक्षा और महिला संबंधी अपराधों पर विशेष फोकस किया गया। एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म, छेड़छाड़ और महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में गंभीरता से विवेचना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित जांच कर आरोपियों के खिलाफ मजबूत पैरवी की जाए ताकि उन्हें अधिकतम सजा दिलाई जा सके। इसके साथ ही शातिर एवं अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने और आवश्यकतानुसार गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर की कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

### लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर

अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने विभिन्न थानों में दर्ज अभियोगों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने गंभीर अपराधों से जुड़े लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाई जाए और हर प्रकरण में तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराध नियंत्रण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर उसका प्रभाव दिखाई देना चाहिए।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं पर किया प्रदर्शन

**सोने-चांदी के दामों में उछाल, खंड विकास अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



रायबरेली। रायबरेली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें सरकार से गरीबों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

ज्ञापन में गैस और तेल की बढ़ती कीमतों, सोने-चांदी के दामों में उछाल, मनरेगा मजदूरों को काम और भुगतान न मिलने तथा स्मार्ट मीटर जैसी समस्याओं को दूर करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शन राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर रायबरेली जनपद के सभी विकास खंडों में किया जा रहा है।

इसके बाद खंड विकास अधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल और राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि खेती के लिए बिजली, पानी, खाद और उर्वरक जैसे मूलभूत आवश्यकताएं किसानों को समय पर नहीं मिल पा रही हैं।

वर्तमान में स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि क्षेत्रीय समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं हुआ, तो आने वाले समय में पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन और प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ खान सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**फास्ट न्यूज**

### सहायक शिक्षिका की हालत में सुधार

उन्नाव। उन्नाव के अचलगंज क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय बदरका प्रथम में एक सहायक शिक्षिका ने कथित उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास किया है। शिक्षिका ने नींद की 25 गोलियां खा ली थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत में अब सुधार बताया जा रहा है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षामित्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी से मना करने पर युवती के दोनों स्तन काटे

हरदोई। हरदोई में एकतरफा प्यार में एक युवक ने 17 साल की युवती के दोनों स्तन (निप्पल) काट दिए। युवती ने शादी से इनकार कर दिया था। पीड़िता ने बताया- एक कार्यक्रम से लौटते वक्त युवक जबरिया उसको एक सुनसान जगह पर उठा ले गया। पेड़ से बांधकर शादी का दबाव बनाने लगा। रिश्ते में भाई लगने की बात कहने पर गुस्से में उसे मारा-पीटा और फिर स्तन काट दिए। 11 मई का यह मामला जिला मुख्यालय से 46 किलोमीटर दूर बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र का है। पीड़िता की मां ने बताया- बेटी को लेकर वह थाने और चौकी रातभर भटकती रही लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की।

### बिना हेलमेट बुलेट चलाने पर सीतापुर के बीजेपी विधायक ट्रोल

सीतापुर। सीतापुर में प्रधानमंत्री मोदी के आवाहन पर कार छोड़कर बाइक से चलने निकले महोली विधायक शशांक त्रिवेदी खुद ही ट्रैफिक नियमों को लेकर विवादों में घिर गए। जिसके बाद लोग उन्हें जमकर ट्रोल करने लगे। बताया जा रहा है कि भाजपा विधायक शशांक त्रिवेदी तहसील कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुलेट बाइक से निकले थे।

# सड़क किनारे पानी में मिला युवक का शव

**हरदोई का रहने वाला था, नाक से बह रहा था खून, जांच में जुटी पुलिस**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर। सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र के अंतर्गत महमदपुर गांव के पास शनिवार शाम को एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ रामनगर जाने वाले संपर्क मार्ग पर सड़क किनारे पानी में एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है। शव मिलने की सूचना फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद संदना थाना पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच-पड़-ताल शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक का शव बेहद संदिग्ध हालात में सड़क किनारे पड़ा हुआ था। उसका शव औंधे मुंह गिरा था और नाक से खून बह रहा था, जिससे हत्या की आशंका



भी जताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान जितेंद्र (30 वर्ष) पुत्र रामाधीर के रूप में हुई। वह पड़ोसी जनपद हरदोई के थाना अतरौली क्षेत्र के ग्राम पीरनखेड़ा का निवासी था। बताया जा रहा है कि जितेंद्र पिछले कुछ समय से लापता था और उसके परिजनों ने इस संबंध में अतरौली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

# लोधेश्वर धाम में पुरुषोत्तम मास मेले की तैयारियां तेज

**एस डीएम-पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुरक्षा-सुविधाओं का जायजा लिया**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। रामनगर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेवा धाम में आगामी पुरुषोत्तम मास मेले को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सोमवार, 17 मई से शुरू होने वाले इस एक माह लंबे मेले के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी क्रम में उपजिला अधिकारी आनंद कुमार तिवारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने मेला परिसर का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सभी अधूरे कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। प्रशासन के अनुसार पुरुषोत्तम मास, जिसे अधिक मास भी कहा जाता है, के दौरान हर वर्ष लाखों श्रद्धालु श्री लोधेश्वर महादेवा धाम पहुंचते हैं।




### श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को दी गई प्राथमिकता

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लोहे की बल्लियों से बैरिकेडिंग कर व्यवस्थित कतार व्यवस्था बनाई गई है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी अव्यवस्था के भगवान लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर सकें। अधिकारियों ने भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पुलिस बल की तैनाती, निगरानी व्यवस्था और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

### शिव अभरण सरोवर और बोहनिया तालाब की व्यवस्थाएं भी दुरुस्त

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में स्थित शिव अभरण सरोवर और बोहनिया तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का भी निरीक्षण किया। प्रशासन ने दावा किया कि सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। मेला क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान नवागत तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, कोतवाल अरुण प्रताप सिंह, थाना प्रभारी सुभाष चंद्र यादव, चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



### पहले भी डीएम और एसडीएम कर चुके हैं निरीक्षण

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व जिला अधिकारी द्वारा भी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया गया था। इसके बाद एसडीएम रामनगर आनंद कुमार तिवारी ने पूरे मेला क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की थी और संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास मेले के लिए सभी आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु भगवान लोधेश्वर महादेव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए यहां पहुंचते हैं।

# प्रधान संघ ने की कार्यकाल बढ़ाने की मांग

**पंचायत चुनाव तक पद पर बने रहने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी के सिरौली-गौसपुर क्षेत्र में ग्राम प्रधानों ने पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में प्रधान संघ ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है। यह ज्ञापन प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा के नेतृत्व में खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के माध्यम से लोकनिर्माण विभाग अतिथि गृह में सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि त्रिस्तरीय पंचायतों में वर्तमान ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। पंचायत चुनाव की तैयारियों और संभावित देरी को देखते हुए समय पर चुनाव संपन्न होने पर संशय बना हुआ है। कि यदि समय पर चुनाव नहीं होते हैं,



तो सरकार ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त कर सकती है। प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा ने कहा कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के स्थान पर सरकारी कर्मचारियों को प्रशासक बनाना उचित नहीं होगा। उन्होंने जोर दिया कि निर्वाचित प्रधानों का कार्यकाल पंचायत चुनाव संपन्न होने तक बढ़ाया जाना चाहिए। इससे विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे और ग्रामीण जनता का विश्वास भी बना रहेगा। प्रधान संघ ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि यदि किसी कारणवश पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाते हैं, तो त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक की टक्कर

**23 यात्री घायल, 7 गंभीर, चालक को झपकी आने से हादसा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। किलोमीटर संख्या-237 के पास तेज रफ्तार डबल डेकर बस खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसे में 23 यात्री घायल हो गए, जिनमें सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया गया कि बस दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी। सुबह करीब छह बजे चालक को कथित तौर पर झपकी आ गई, जिससे बस अनियंत्रित होकर ट्रक में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र



पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। यूपीडा कर्मियों की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद सात गंभीर घायलों को जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय बस की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी और चालक को झपकी आना दुर्घटना की मुख्य वजह मानी जा रही है। दुर्घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और यूपीडा कर्मियों ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को हटाकर यातायात बहाल कराया। हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि बस स्मार्ट सुरक्षा प्रणाली से लैस थी, जिसके चलते इतनी बड़ी टक्कर के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई। घायलों में अमेठी निवासी चंद्रमणि शुक्ला, आजमगढ़ के नारायण दत्त, श्रीकांत यादव, सौरभ त्रिपाठी और संतोष शामिल हैं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

सुलतानपुर। अयोध्या धाम दर्शन करने जा रहे सुल्तानपुर के दो युवकों की बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। दूसरे युवक की मामूली चोट आयी है। यह हादसा अहिरौली थाना क्षेत्र में हुआ। भरसारे निवासी 23 वर्षीय विवेक कुमार शर्मा अपने एक साथी के साथ बाइक से अयोध्या धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। अहिरौली थाना क्षेत्र के पास उनकी बाइक को पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने फोन पर परिजनों को सूचना दी। बिरसिंहपुर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान विवेक कुमार शर्मा की हालत बिगड़ती गई और उनकी मौत हो गई। विवेक अपने चार भाइयों में सबसे बड़े थे।

**हादसा :** मां की मौत, लहूलुहान हालत में 3 किमी पैदल चलकर स्टेशन पहुंचा बेटा

# मां चलती ट्रेन से गिरी, बेटा बचाने कूदा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई में हिमगिरी एक्सप्रेस से गिरकर महिला की मौत हो गई। मां को बचाने के लिए बेटे ने भी चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। उसका हरदोई मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। महिला को अस्पताल में मृत घोषित करने के बाद शव मर्च्युरी में रख दिया गया। मां को गिरता देख बेटा घबरा गया और उसे बचाने के लिए खुद भी ट्रेन से कूद पड़ा। घायल बेटा करीब 3 किलोमीटर पैदल चलकर रेलवे स्टेशन पहुंचा तब जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। हादसा शनिवार को लखनऊ से करीब 35 किलोमीटर दूर टोडरपुर क्षेत्र में हुआ। अंबेडकरनगर की रहने वाली सुषमा (45) बेटे दिवाकर (24) के साथ काम की तलाश में लुधियाना



दिवाकर, घायल

अपनी बहन के यहां जा रही थीं। लखनऊ से रात करीब 11:30 बजे 13041 हिमगिरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार हुई थीं। दोनों लुधियाना में काम करने जा रहे थे। यात्रा के दौरान सुषमा जनरल कोच के गेट के पास बैठी थीं, जबकि दिवाकर थोड़ी दूरी पर खड़ा था। प्रत्यक्ष-दर्शियों के मुताबिक, ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सुषमा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



### तीन साल की बेटी का पिता है दिवाकर

परिजनों के मुताबिक, दिवाकर विवाहित है और उसकी तीन साल की एक बेटी भी है। छोटा भाई चोरी के मामले में जेल में काट रहा है। पिता की कई साल पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, इसलिए मां-बेटा रोजगार की तलाश में पंजाब जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया। घटना के बाद गांव और परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रेलवे पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### घायल बेटा 3 किलोमीटर पैदल चलकर स्टेशन पहुंचा

हादसे के बाद भी घायल दिवाकर ने हिम्मत नहीं हारी। चोटिल हालत में वह हुसैनापुर रेलवे फाटक से कई किलोमीटर पैदल चलकर टोडरपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां उसने स्टेशन कर्मचारियों को पूरी घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गई।

**जानकारी के अनुसार, ट्रेन जब टोडरपुर के हुसैनापुर रेलवे फाटक के पास पहुंची, तभी अचानक महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ीं। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

# उन्नाव पुलिस ने 87 गुम मोबाइल बरामद किए

**17 लाख के फोन मालिकों को उएक्फ्पोर्टल से वापस मिले**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव जनपद पुलिस की सर्विलांस टीम और विभिन्न थानों की संयुक्त कार्रवाई में गुम हुए 87 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन फोनों को उनके मालिकों को वापस सौंप दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मोबाइल धारकों को उनके फोन लौटाए। बरामद किए गए मोबाइल फोनों की कुल कीमत लगभग 17 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार, नागरिकों द्वारा मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतें भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कराई गई थीं। इन शिकायतों के आधार



पर, सर्विलांस टीम ने तकनीकी सहायता और विभिन्न थानों की मदद से मोबाइल फोनों की लोकेशन ट्रेस की। लगातार अभियान चलाकर अलग-अलग स्थानों से कुल 87 मोबाइल फोन बरामद किए गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कई लोगों ने अपने फोन दोबारा मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई से उन्हें बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज कराना काफी प्रभावी साबित हो रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल फोन खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत संबंधित थाने और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। एसएसपी ने यह भी कहा कि आधुनिक तकनीक और सर्विलांस की मदद से पुलिस लगातार अपराध नियंत्रण और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रही है।

# सम्पादकीय

## मंदिर ही है भोजशाला



मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद मामले में इंदौर हाई कोर्ट के इस निर्णय पर आश्चर्य नहीं कि भोजशाला परिसर एक हिंदू मंदिर ही था। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआइ के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें निर्देशित किया गया था कि भोजशाला परिसर में शुक्रवार को नमाज पढ़ी जाएगी और मंगलवार को पूजा होगी।

हाई कोर्ट ने मुस्लिम समाज से सरकार से मस्जिद के लिए अलग से जमीन की मांग करने को कहा है। यह फैसला अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का स्मरण कराने वाला है। इंदौर हाई कोर्ट के फैसले पर इसलिए किसी को चकित नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि परमार राजवंश के राजा भोज के वंशजों ने भोजशाला परिसर में मां वाग्देवी यानी देवी सरस्वती के मंदिर का निर्माण कराया था। एक समय यह संस्कृत शिक्षण का बड़ा केंद्र था।

इस धार्मिक स्थल के मंदिर होने के साक्ष्य कथित कमाल मौला मस्जिद की दीवारों पर उससे भी स्पष्ट रूप से अंकित थे, जैसे अयोध्या में मिले थे। इस विवादित स्थल को लेकर इंदौर हाई कोर्ट इसलिए अपना फैसला दे सका, क्योंकि यह स्थल 1958 के अधिनियम के तहत एक एएसआइ संरक्षित स्मारक है। यदि ऐसा नहीं होता तो 1991 में पारित धार्मिक स्थल अधिनियम के चलते इस स्थान की यथास्थिति कायम रहती। दुर्भाग्य से इस भेदभावपूर्ण अधिनियम के चलते धार जैसे अन्य मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है और इसके चलते समय-समय पर विवाद उभरते रहते हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव पर बुरा असर डालते हैं। यह अच्छा है कि धार मामले में हाई कोर्ट की ओर से फैसला आने के कारण किसी तरह का सांप्रदायिक विग्रह देखने को नहीं मिला, लेकिन इतना तो है ही कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला जो भी हो, इसकी अनदेखी न की जाए कि इस तरह के न जाने कितने मामले हैं।उनके निस्तारण में जो धार्मिक स्थल अधिनियम बाधक है, उसे भी चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के लिए उचित यह होगा कि वह इस अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं का निपटारा शीघ्र करे। इसी के साथ यह भी उचित होगा कि विवादित धार्मिक स्थलों को संबंधित पक्ष अर्थात हिंदू और मुस्लिम आपसी सहमति से सुलझाएं। इससे उनमें सद्भाव बढ़ेगा। यह तभी संभव हो पाएगा, जब मुस्लिम पक्ष इस यथार्थ को स्वीकार करेगा कि गजनवी, गोरी, खिलजी, बाबर, औरंगजेब जैसे आक्रांताओं ने सैकड़ों मंदिरों का ध्वंस ही नहीं किया, बल्कि उनके ही अवशेषों से ही वहां मस्जिदें बनवाईं। ऐसा केवल अयोध्या और धार में ही नहीं किया गया, बल्कि वाराणसी, मथुरा, संभल, जौनपुर समेत न जाने कितने स्थानों पर किया गया।

# अमेरिका और चीन में बढ़ती घनिष्ठता के रणनीतिक साइड इफेक्ट्स





> अमेरिका और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक शक्तियाँ हैं। इनके संबंधों का असर लगभग हर देश पर पड़ता है। ऐसे में यदि दोनों के बीच व्यापार, तकनीक, सुरक्षा और कूटनीति पर समझ बढ़ती है, तो वैश्विक तनाव कुछ हद तक कम हो सकता है। साथ ही दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर लाजिमी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हाल में ही बढ़ती संवाद-प्रक्रिया और संभावित रणनीतिक समझौते को दुनिया बेहद गंभीरता से देख रही है, क्योंकि बदलती वैश्विक दुनियादारी और नवमहत्वाकांक्षी देशों-गुटों की मतलबी कूटनीति-अर्थनीति से अमेरिका-चीन दोनों की अंतरराष्ट्रीय बादशाहत खतरे में है। आखिर जब एक तरफ रूस और भारत अपनी दशकों पुरानी मित्रता पर अडिग हैं, तो दूसरी तरफ अमेरिका और यूरोप भी अपने पुराने सम्बन्धों को तरोताजा कर रहे हैं, जो कि अमेरिकी डीप स्टेट की बिल्कुल नई विसात है।

देखा जा रहा है कि भारत की चतुराई और रूस की दृढ़ता से अमेरिका अपने ही बुने हुए जाल में फंसकर तड़फड़ा रहा है। वहीं, रूस-चीन की समझदारी से पश्चिमी एशिया में जो अमेरिका की फजीहत हुई है, उसके बाद अब चीन के समक्ष हथियार डालने के अलावा उसके पास कोई चारा भी नहीं बचा है। चूंकि ट्रंफ मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के फार्मूले पर काम कर रहा हैं और रूस, भारत, फ्रांस, ब्राजील, जापान ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिए हैं, ऐसे में पाकिस्तान को साधकर अरब में अपनी इज्जत बचाना और चीन के दरबार में हाजिरी लगाने के अलावा उनके पास कोई चारा भी नहीं बचा हुआ था। ऐसे में यदि अमेरिका और चीन के बीच टकराव कुछ कम होता है और "नई दोस्ती" या व्यावहारिक सहयोग बढ़ता है, तो इसके वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। चूंकि दोनों देश पहले भी एक दूसरे के करीब रहे हैं, इसलिए उनके बीच कूटनीतिक प्रेम की पहल अमेरिकी की भूल सुधार रणनीति समझी जानी चाहिए और अपने उद्देश्य में ट्रंफ सफल प्रतीत हो चुके हैं। हालांकि यह भविष्य के गर्त में है कि चीनी चाकरी अमेरिका कहाँ तक कर पाएगा?

पहला, वैश्विक बाजारों में स्थिरताः अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध कम होने पर शेयर बाजारों और निवेशकों का भरोसा बढ़ सकता है। सप्लाई चेन संकट कम हो सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्र को राहत मिल सकती है।

दूसरा, तेल और ऊर्जा बाजारः यदि दोनों देश सहयोग करते हैं, तो वैश्विक ऊर्जा कीमतों में अनिश्चितता कम हो सकती है। मध्य पूर्व में तनाव कम कराने के लिए संयुक्त दबाव बन सकता है। तीसरा, डॉलर बनाम युआनः चीन लंबे समय से डॉलर के वैश्विक प्रभुत्व को चुनौती देना चाहता है। ऐसे में अगर रिश्ते सुधरते हैं, तो अमेरिका कुछ आर्थिक संतुलन के साथ चीन को सीमित छूट दे सकता है, लेकिन डॉलर की केंद्रीय भूमिका तुरंत कमजोर नहीं होगी।

चतुर्थ, रूस, यूरोप और भारत पर प्रभावः जहां तक रूस की बात है कि रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के लिए यह स्थिति मिश्रित हो सकती है। यदि अमेरिका और चीन करीब आते हैं, तो रूस की सामरिक उपयोगिता कुछ घट सकती है। लेकिन चीन रूस को पूरी तरह छोड़ने की स्थिति में नहीं होगा, क्योंकि उसे ऊर्जा और सैन्य संतुलन की जरूरत है।वहीं, जहां तक यूरोप की बात है तो यूरोपीय देश राहत महसूस करेंगे क्योंकि अमेरिका-चीन तनाव से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा था। लेकिन यूरोप को डर रहेगा कि कहीं अमेरिका चीन के साथ सौदेबाजी में यूरोपीय हितों को पीछे न छोड़ दे।

जहां तक भारत की बात है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के लिए यह स्थिति अवसर और चुनौती दोनों ला सकती है। जहां संभावित अवसर के रूप में वैश्विक व्यापार स्थिर होने से भारतीय निर्यात को लाभ मिलेगा। अमेरिका और चीन दोनों भारत को संतुलनकारी शक्ति के रूप में महत्व देते रहेंगे। भारत वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र बन सकता है।

जहां तक संभावित चुनौतियाँ की बात है तो यदि अमेरिका चीन के प्रति नरम होता है, तो भारत पर चीन-विरोधी रणनीतिक दबाव कम हो सकता है। सीमा विवादों पर चीन अधिक आत्मविश्वासी रुख भी अपना सकता है। वहीं, क्वाड (QUAD) जैसे समूहों की रणनीतिक धार कुछ कम हो सकती है। जहां तक सैन्य और सामरिक प्रभाव की बात है तो

ताइवान मुद्दे पर तनाव कुछ समय के लिए कम हो सकता है। दक्षिण चीन सागर में सैन्य टकराव की आशंका घट सकती है। लेकिन दोनों महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा पूरी तरह खत्म नहीं होगी। सवाल है कि क्या यह स्थायी दोस्ती होगी? संभवतः नहीं। अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा संरचनात्मक हैः तकनीकी वर्चस्व, सैन्य प्रभुत्व, वैश्विक व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और इंडो-पैसिफिक रणनीति।

इन मुद्दों पर दोनों देशों के हित टकराते रहेंगे। इसलिए यह "पूर्ण मित्रता" से अधिक "व्यावहारिक समझौता" हो सकता है।

इस पुनर्मिलन का सबसे बड़ा वैश्विक संदेश यह है कि दुनिया अब बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, जहाँ अमेरिका अकेला निर्णायक शक्ति नहीं रहेगा, बल्कि चीन भी खुलकर वैश्विक नेतृत्व चाहता है। वहीं, भारत, रूस, यूरोप, ब्राजील और खाड़ी देश भी अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र मजबूत कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में ट्रंप-जिनपिंग संवाद वैश्विक शक्ति-संतुलन को नया आकार दे सकता है।

**कमलेश पांडेय**

## माना कि आपने ...

डॉ० ओ०पी० मिश्र



# मी लॉर्ड नहीं चाहते सिस्टम की आलोचना



क्या अब सरकार के साथ ही साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश भी नहीं चाहते कि कोई भी व्यक्ति सिस्टम की आलोचना करें ? क्या सरकार से सवाल करना तथा सवाल का जवाब न मिलने पर सूचना के अधिकार के अंतर्गत जवाब मांगना अपराध है? क्या सिस्टम की नाकामी को उजागर करने वाले पत्रकार, वकील तथा सोशल मीडिया और मीडिया के जरिए सामाजिक सरोकारों तथा मुद्दों को उठाना देशद्रोह या राष्ट्रद्रोह है? क्या यह कहना और पूछना गलत है कि प्रत्येक परीक्षा का पर्चा क्यों लीक होता हैं ? क्या यह जानना अपराध है कि रुपये का अवमूल्यन इतनी तेजी से क्यों हो रहा है? महंगाई क्यों बढ़ रही है? बेरोजगारो की संख्या क्यों बढ़ा रही है? काम के अवसर क्यों कम होते जा रहे हैं? अगर यह बातें भारत का 65% युवा जानना चाहता है या पूछना चाहता है तो क्या वह कॉकरोच है ? परजीवी है? क्या अगर कोई वकील यह जानना चाह रहा है कि जस्टिस वर्मा के विरुद्ध अब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई? अगर उन्होंने इस्तीफा दे दिया है तो अब तक स्वीकार क्यों नहीं हुआ? तो क्या यह अदालत की अवमानना की श्रेणी में आता है या फिर देशद्रोह की श्रेणी में आता है? माई लॉर्ड अब आप ही बताइए कि क्या जानकारी मांगना और सरकार तथा सिस्टम की आलोचना करने वाले कॉकरोच है जैसा कि आपने कहा था? माय लॉर्डशिप भारत के जो 65% नवयुवक है वह भारत मां की तरुणमयी के प्रतीक हैं भारत का भविष्य है। अब अगर उनके पास कोई अच्छी नौकरी नहीं है तो इसमें क्या सारी गलती उनकी ही है। भ्रष्ट सिस्टम की कोई गलती नहीं है? पेपर बेचे जा रहे हैं, नौकरियां बेची जा रही है, डिग्रियां बेची जा रही हैं और कोई पूछने वाला नहीं? सवाल उठाने वाला नहीं? बोलने वाला नहीं? अगर किसी ने आवाज निकाल दी या सिस्टम की आलोचना कर दी तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर और गिरफ्तारी। भारत का 65% नवयुवक क्या इसी भ्रम में जी रहा था कि जब उसके खिलाफ कोई पुलिस कार्रवाई होगी तो आप उसको संरक्षण देंगे उसके अधिकारों की रक्षा करेंगे। लेकिन आप तो सरकार से दो हाथ आगे निकल गए और कहने लगे कि कुछ लोग कॉकरोच की तरह होते हैं जो रोजगार नहीं मिलने पर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं । ऐसे कुछ बेरोजगार युवकों की तुलना आपने तिलचट्टे से करते हुए आगे कहा कि ऐसे कुछ लोग आगे चलकर मीडिया सोशल मीडिया और आरटीआई के कार्यकर्ता तथा अन्य कार्यकर्ता बन जाते हैं और व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं। इस तरह का बयान आप जैसे लोग जब सार्वजनिक रूप से या ओपन कोर्ट रूम से देंगे तो उसको काफी गंभीरता से लिया जाएगा। क्योंकि आपके पास लोग न्याय के लिए आते हैं वह आपसे या कतई अपेक्षा नहीं करते कि आप देश के बड़े संख्या वाले युवाओं पर इस तरह की टिप्पणी करेंगे। क्योंकि इस तरह की टिप्पणी से न केवल उनकी भावनाएं आहत होती है बल्कि वह यह भी सोचने को मजबूर होते हैं कि क्या अब न्यायपालिका भी सरकार की हां में हम ही मिलायेगी और उसी के पद चिन्हो पर चलेगी । माना कि आपने उक्त टिप्पणी एक वकील को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा पाने से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए की लेकिन ऐसा करते हुए क्या यह आवश्यक था कि आप देश के 65% नौजवानों को टारगेट करें । उन्हें कॉकरोच कहें। माय लॉर्ड देश की सभी संवैधानिक संस्थाएं घटिया राजनीति के चलते अपनी प्रतिभा और पहचान खोती जा रही हैं लेकिन अदालतों को तो इससे बचा लीजिए वरना वह दिन दूर नहीं जब अदालतें मछली बाजार की शक्ल में तब्दील हो जाएगी और जहां कब कोई जूता उछाल देगा कहा नहीं जा सकता। श्रद्धेय यह पब्लिक है यह सब जानती है यह हमारे बारे में भी जानती है और आपके बारे में भी जानती हैं। आपकी नजर में यह कॉकरोच भले हो लेकिन इसे लोकतंत्र की रक्षा करना अच्छे से आता है । इतिहास गवाह है कि जब-जब किसी तानाशाह ने लोकतंत्र को दफनाने के लिए गड्ढा खोदा तो इसी भारत की तरुणमयी ने लोकतंत्र को दफनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में तानाशाह और तानाशाही को ही दफनाकर लोकतंत्र की रक्षा की । आपके बयान को लेकर सोशल मीडिया पर काफी तनाव और गर्मी देखने को मिली। ऐसे में क्या ही अच्छा होता यदि आप खेद व्यक्त कर देते लेकिन अपने खेद व्यक्त करने के बजाए यह कहना शायद ज्यादा बेहतर समझा कि- मैने विशेष रूप से उन लोगों की आलोचना की थी जिन्होंने फर्जी और नकली डिग्रियों की मदद से कानूनी पेशे में प्रवेश किया है।

## रिपोर्ट के ...

राजेश श्रीवास्तव

# अब तक 89 परीक्षाओं के पेपर हुए लीक लेकिन खामोश, इस्तीफा मत मांगना




नीट पेपर रद होने से चार छात्रों ने अपनी जान गंवा दी। 23 लाख छात्रों का भविष्य अधर में हैं और विपक्ष सरकार में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा मांग रहा है। लेकिन विपक्ष ने शायद कभी रक्षामंत्री रहे राजनाथ सिंह का बयान नहीं सुना कि हमारी सरकार में इस्तीफे नहीं होते, यह सब यूपीए सरकार में होता था, उनकी मानें, तो नैतिकता, उत्तरदायित्व और जवाबदेही यह सब यूपीए सरकार के बंधन थे । राजग सरकार इन बंधनों से मुक्त है। हालांकि राजनाथ सिंह ने नीट मामले पर नहीं किसी दूसरे मुद्दे पर यह भाषण दिया था लेकिन तब शायद राजनाथ सिंह को यह नहीं पता था कि उनका यह भाषण उनकी ही सरकार में पत्थर की लकीर बन जायेगी, उनकी सरकार में मंत्री चाहे जिस स्तर पर नाकाम होंगे, न तो उनसे कोई सवाल किया जायेगा और न ही वह उत्तर देने के लिए बाध्य होंगे। तो फिर धर्मेन्द्र प्रधान क्यों इस्तीफा दें. वह कह तो रहे हैं कि दोबारा परीक्षा होगी, फीस नहीं पड़ेगी और क्या कर दें। पिछली बार जो एनटीए का सर्वोच्च अधिकारी था उसे तो पुरस्कार मिल चुका है. अब इस बार वाले की बारी है। उसे भी अहम पद मिलेगा, यह तय है। मोदी सरकार में अब तक 89 परीक्षा के पेपर लीक हो चुके हैं।

नीट यूजी में पेपर लीक कोई इकलौती घटना नहीं है। पुलिस भर्ती से लेकर बोर्ड परीक्षाओं तक कोई ऐसी परीक्षा नहीं, जिसका पेपर लीक होने से बचा हो। पिछले पांच साल में एक करोड़ से अधिक अभ्यर्थी इसके पीड़ित हैं। नीट यूजी 2024 के पेपर लीक मामले में बड़े पैमाने पर धरपकड़ जारी है लेकिन पेपर लीक का यह कोई इकलौता मामला नहीं है। पिछले कुछ साल में पेपर लीक और पेपर आउट जैसे शब्द अक्सर ही सुनने को मिलते रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले पांच साल में यानी 2019 से जून 2024 के बीच कम से कम 65 बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। ये वो मामले हैं, जिनमें या तो एफआईआर दर्ज हुई, गिरफ्तारियां हुई या परीक्षा ही रद्द कर दी गई। जिन बड़ी परीक्षाओं के पेपर पिछले पांच साल में लीक हुए हैं उसमें भारतीय सेना की भर्ती परीक्षा कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2023, सीटीईटी 2023, जेईई मेन्स 2021और नीट यूजी 2023 जैसी परीक्षाएं शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक पेपर साल 2021 में लीक हुए। उस साल 17 परीक्षाओं के पेपर आउट हुए। इसके बाद साल 2019 में नौ, 2020 में 12, 2022 में 11, 2023 में 12 और 2021 में अब तक पांच भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। ये पेपर लीक के मामले देश के 19 राज्यों के हैं। आंकड़ों से यह भी पता चला कि सबसे ज्यादा पेपर लीक के आठ से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में हुए हैं। इसके बाद राजस्थान और महाराष्ट्र सात-सात मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। बिहार में पेपर लीक के छह मामले, गुजरात व एमपी में 4-4 मामले हुए हैं। इसके अलावा हरियाणा, कर्नाटक, ओडिशा और बंगाल में स्कैम के तीन-तीन केस सामने आए हैं।

# सोना न खरीदने की अपील : तब और अब का भारत



यह भी साफ़ रहना चाहिए कि सोने पर संयम से हासिल क्या होता है। अगर सोने का आयात घटता है तो विदेशी मुद्रा पर दबाव कुछ कम पड़ता है, चालू खाता घाटा नियंत्रित होता है और रुपये को थोड़ी राहत मिलती है। यह सब वास्तविक आर्थिक लाभ हैं। लेकिन इससे रोज़गार पैदा नहीं होता, किसी की आय नहीं बढ़ती और न ही गरीबी सीधे कम होती है। इसलिए सोने पर संयम को उसी रूप में समझना चाहिए जिस रूप में वह है? हाल ही में हैदराबाद से प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि जहां तक हो सके सोना मत खरीदिए, विदेश यात्राएं टालिए, तेल बचाइए और जितना संभव हो उतना घर से काम कीजिए। समय मुश्किल है, इसलिए सरकार की चिंता समझ में आती है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध ने पूरी दुनिया के ऊर्जा बाज़ार को अस्थिर कर दिया है। जून 2025 में शुरू हुए ईरान-इजरायल संघर्ष का असर स्वाभाविक तौर पर भारत ने भी महसूस किया, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य— जहां से भारत में आयात होने वाले कच्चे तेल के जहाज गुजरते हैं— वह ईरानी दबाव के कारण अनिश्चितता के घेरे में आ गया। ऐसे में तेल की कीमतें बढ़ीं, भारतीय रुपये पर दबाव बढ़ा, विदेशी निवेश वापस हुआ, और आयात बिल और भी भारी हो गया।

**गिरीश मिगलानी**

## जरा हटके

## अर्थ-व्यवस्था नहीं ...

प्रेरणा

# खाड़ी युद्ध से निपटने की मोदी की तजबीज



मोदीजी ने एक बार फिर राष्ट्र की जनता को उसके कर्तव्यों के प्रति सचेत किया है। कल तक जो चुनाव का सब्ज़बाग दिखाते हुए, मतदाताओं का नाम काटने-जोड़ने का अलोकतांत्रिक खेल खेलने में मशगूल थे, उन्हें चुनाव खत्म होते ही जैसे इल्हाम हुआ है कि देश से देशभक्ति की मांग की जाए। वे दौड़-दौड़कर, चीख-चीखकर सारे बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी की जनता से कह रहे थे कि भाइयो-बहनो, मैं चंगा हूं, देश चंगा है! न गैस कम है, न तेल; वही चुनाव जीतने के बाद देश से कह रहे हैं कि बड़ा संकट सामने खड़ा हुआ हैः कुछ 'शपथ' उठाइए, ताकि आप भी बचे रहें, देश भी बचा रहेः पेट्रोल-डीज़ल मत खर्चिए, सोना-चांदी मत खरीदिए, खाने का तेल कम उपयोग कीजिए, दफ़्तर जाना बंद करके 'वर्क फ्रॉम होम' कीजिए, विदेश यात्राएं मत कीजिए और देशी परिवहन व 'मैट्रो' का उपयोग कीजिए। कुल मिलाकर यह कि चुनाव मैंने संभाल लिया, अब देश आप संभालिए! यह कला सिर्फ मोदीजी जानते हैं: झूठ बोलो, बोलते चले जाओ, फिर झूठ का सच भुगतने के लिए जनता का गला आगे कर दो! 2026 की फ़रवरी की 28 तारीख़ थी, जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया था। इससे ठीक दो दिन पहले यानी 26 फरवरी को मोदीजी अकारण इजराइल की दो-दिनी यात्रा पर निकल गए। वहां उनके परम मित्र बेंजामिन ने उनको ऐसा गले लगाया कि उन्हें अंतर-राष्ट्रीय राजनीति का अज्ञानी तक साबित कर दिया। बेंजामिन ने मोदीजी को भनक तक नहीं लगने दी कि वह दो दिन बाद अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर हमला करने जा रहा है। अर्थ-व्यवस्था नहीं, अर्थ-कुव्यवस्था का गहरा अंधकार छाया है जो गहराता जा रहा है। मोदीजी जैसों को जब कुछ नहीं सूझता, तब गांधीजी सूझते हैं: मजबूरी का नाम महात्मा गांधी! इसलिए मोदीजी ने संकट की 'शपथों' की सूची जनता के हाथ में थमा दी है। प्रधानमंत्रीजी 21 वीं सदी की शुरूआत से ही सत्ता के शीर्ष पर विराजते हैं। तब से आज तक हो यह रहा है कि कभी उनके पांव पर कुल्हाड़ी चल जाती है, कभी वे ही अपना पांव उठाकर कुल्हाड़ी पर दे मारते हैं। नोटबंदी से लेकर देशबंदी तक की याद तो होगी भक्तजनों को। और उसके बीच के कई दूसरे आघात? देश को लगातार आपातकाल में रखना और भूखों-लाचारों-बेरोजगारों की भीड़ से त्याग और कर्तव्य की मांग करना मोदीराज का चरित्र व परंपरा बन गई है। क्या मोदी-राज में कुछ भी अच्छा नहीं हुआ? जब आपके सामने लगभग 18 लाख किलोमीटर की नई सड़कें पसरी हों, तब आप ऐसा कैसे कह सकते हैं? प्रतिदिन औसतन 34 किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ है! उन्होंने कहाः 'हवाई चप्पल पहनने वाला भी क्यों न हवाई जहाज़ में चले!' तो हमने पाया कि हवाई जहाज़ उड़ें कि न उड़ें, एयरपोर्ट तो उड़ने ही लगे। आज की तारीख़ में छोटे-बड़े मिलाकर करीब 90 हवाई अड्डे देश में बने हैं और योजना 220 तक पहुंचने की है। 'जीएसटी' हर महीने नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2017-18 में जहां औसतन 90 हज़ार करोड़ रुपयों की हर महीने वसूली हुई थी, अब लगभग 1.85 लाख करोड़ की हो रही है। ख़बर है कि अप्रैल 2026 में यह आंकड़ा 2.43 लाख करोड़ रुपयों तक पहुंच गया है। जानकारों ने सरकार को बताया कि अगर 'जीएसटी' में इतना विकास हो गया तो जनता की आमदनी की नहीं, सरकार की कमाई की चर्चा देश भर में होने लगेगी, तब इस आंकड़े को थोड़ा पीछे खींचकर रेकॉर्ड जमा किया हुआ विदेशी मुद्रा भंडार दिखाया जा रहा है। वही तो देश को थामे हुए है। नहीं तो हालात और बिगड़े हुए हो सकते थे। ऐसा सरकार कह तो रही है, पर रुपया सम्भाले नहीं सम्भल रहा और अब ये 'शपथें!' धड़ाधड़ बनते मेट्रो, स्मार्ट सिटी, एक्सप्रेसवे आदि से दमकता देश विकास का साइनबोर्ड ही तो बन गया है ! एक समय सरकार के मंत्री कहते थेः भारत चीन इसलिए नहीं बन पा रहा, क्योंकि यहां 'टू मच डेमोक्रेसी है। यह समस्या भी काफी हद तक सुलझ चुकी है। सरकार की नज़र में सारी जनता बराबर है, सो पहले मुसलमान युवाओं को 'सबक़' मिलता था, अब मध्यप्रदेश, ओडिशा आदि में सरकारी योजनाओं का विरोध कर रहे हिंदू युवाओं को भी जेल का रास्ता दिखाया जा रहा है। पाकिस्तान को 'घर में घुसकर' कई बार मारा जा चुका है, मंदिर पहले से ज़्यादा भव्य बनते जा रहे हैं; राष्ट्रवाद इतना प्रबल हो चुका है कि नागरिकों को कैसा भी त्याग, कठोर कर्तव्य और महंगा पेट्रोल-गैस-तेल सब स्वीकार है। अलबत्ता, रह-रहकर यह सवाल उठ जाता है कि इस विकास की मार तो हम खा रहे हैं, इस विकास का अमृत कब चखने मिलेगा? हमारे जंगल-जमीन-खनिज बेचकर लाखों किलोमीटर सड़क आपने बनाई और अब जब हमारे चलने का वक्त आया तो कह रहे हैं कि पेट्रोल बचाइए, गाड़ियां कम चलाइए! तो सड़कें बनीं क्यों? एयरपोर्ट तो इसलिए बने थे न कि 'हवाई चप्पलवाला' भी उड़ सके, अब टिकट के दाम इतने उड़ रहे हैं कि हवाई चप्पलें भी हवाई हो गई हैं! स्मार्ट सिटी, मेट्रो, बुलेट ट्रेन के सामने लोग खड़े नहीं हो पा रहे हैं। गैस, तेल, राशन-पानी, किराया, रोज़मर्रे के खर्च इतने बढ़ गए कि उड़ना तो दूर, टिकना मुश्किल हो रहा है। झुग्गियां जल रही हैं, लोग उजड़ रहे हैं, भूखे शहर चमकेंगे भी तो कितना? स्कूल बंद हो रहे हैं, मंदिर खुल रहे हैं; लोग आत्महत्याएं कर रहे हैं, गगनचुंबी मूर्तियां बन रही हैं। करोड़ों की लागत से बनी निजी शिक्षा संस्थाएं चीनी माल को अपना बता कर 'आत्मनिर्भर' हुई जा रही हैं। बनारस में मंदिर तोड़कर 'रिवर-फ्रंट' बनाया गया है।

## महिला को बचाने में कूदे, 2 को बचाया, एक की हैलेट में मौत हो गई, गंगा की तेज धारा में बहे

# गंगा स्नान के दौरान 3 लोग डूबे

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर के शिवराजपुर थाना क्षेत्र स्थित सरैया घाट पर रविवार को गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। स्नान कर रही एक महिला को बचाने के प्रयास में तीन लोग गंगा की तेज धारा में बह गए। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की मदद से दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि गंभीर हालत में अस्पताल ले जाए गए एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गोताखोरों ने दो लोगों को सुरक्षित निकाला स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद

> 66 बताया गया कि स्नान के दौरान दीपांती चौरसिया सुरक्षा सीमा से आगे चली गईं। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगीं। महिला को डूबता देख राज चौरसिया तुरंत उन्हें बचाने के लिए गंगा में कूद पड़े, लेकिन तेज बहाव के कारण वह भी पानी में फंस गए।



दीपांती चौरसिया (38) और अंबर उर्फ गुन्नू चौरसिया (15) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद काफी खोजबीन के बाद राज चौरसिया को भी पानी से बाहर निकाला गया। वहां डॉक्टरों ने दीपांती की हालत सामान्य बताई, जबकि राज चौरसिया की स्थिति बेहद गंभीर होने पर उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तत्काल फायर एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवराजपुर पहुंचाया।

### परिवार के साथ गंगा स्नान करने आया था युवक

जानकारी के अनुसार, रायपुरवा थाना क्षेत्र के कारवालों नगर, अफीम कोठी निवासी राज चौरसिया अपने परिवार के साथ सरैया घाट पर गंगा स्नान करने आए थे। परिवार में यसी चौरसिया, सीमा चौरसिया, सन्नो चौरसिया, जय चौरसिया, गुल्लू उर्फ अंबर चौरसिया और दीपांती चौरसिया भी मौजूद थीं।

### बचाने उतरा किशोर भी डूबने लगा

राज चौरसिया को डूबता देख अंबर उर्फ गुन्नू चौरसिया भी उन्हें बचाने के लिए नदी में उतर गया। हालांकि तेज धारा में वह भी बहने लगा। देखते ही देखते तीनों लोग गंगा में डूबने लगे, जिससे घाट पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही शिवराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी पुलिस बल और बीट प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक सिंह के साथ राहत और बचाव कार्य में जुट गए।





### निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

लेखपाल ऋषभ दुबे के अनुसार परिजन राज चौरसिया को गंभीर हालत में कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गंगा स्नान के दौरान निर्धारित सुरक्षा सीमा के भीतर ही रहें और तेज बहाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। पुलिस ने तत्काल फायर एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवराजपुर पहुंचाया।

# सरयू में डूबे तीसरे किशोर का शव भी मिला

## एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम को सफलता, गांव में पसरा मातम

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र में सरयू नदी में डूबे तीसरे किशोर का शव भी बरामद कर लिया गया है। SDRF और स्थानीय गोताखोरों की टीम ने रविवार को तीनों शवों को बरामद किया है। तीसरा शव मानस पांडे का था, जो घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर मिला। तीनों लड़के इकलौते है। इससे पूरे परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं रौनाही पुलिस तीनों शवों को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार दोपहर रौनाही क्षेत्र के तहसीनपुर गांव में सरयू नदी में स्नान के दौरान तीन किशोर डूब गए थे। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घाट पर पहुंच गए। देर शाम तक SDRF और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलता रहा। जानकारी के मुताबिक, तहसीनपुर



गांव के पांच किशोर सरयू नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान तीन किशोर अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना में 14 वर्षीय सत्यम पांडे, 15 वर्षीय मानस पांडे और 17 वर्षीय अमित पांडे नदी में लापता हो गए थे। वहीं उनके साथ मौजूद 16 वर्षीय ध्रुव पांडे और 14 वर्षीय अंश पांडे किसी तरह नदी से बाहर निकल आए। इससे उनकी जान बच गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सरयू घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और खतरनाक घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

**फास्ट न्यूज**

### मेरठ के सरधना में क्रॉकरी शोरूम में लगी आग

मेरठ। मेरठ के सरधना में क्रॉकरी शोरूम में लगी आग अंदर काम कर रहे थे कर्मचारी, बाहर निकलकर भागे मेरठ के सरधना थानाक्षेत्र के गंजबाजार में रविवार को अचानक एक क्रॉकरी शोरूम में आग लग गई। खुशी क्रॉकरी स्टोर के नाम से यहां गंज बाजार स्टोर नाम से बड़ा शोरूम है। अचानक शोरूम में अंदर आग लग गई। जिस वक्त आग लगी उस समय शोरूम में अंदर कर्मचारी काम कर रहे थे। सरधना के गंज बाजार में खुशी क्रॉकरी स्टोर नाम से बड़ा शोरूम है।

### दालमंडी चौक मार्ग का नाम जयशंकर प्रसाद पर रखा जाए

वाराणसी। नागरी प्रचारिणी सभा के व्योमेश शुक्ला ने दालमंडी-चौक मार्ग का नाम जयशंकर प्रसाद के ऊपर रखने की डिमांड की है। उन्होंने एक लेटर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को लिखा है। जिसमें उन्होंने दालमंडी में जयशंकर प्रसाद की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की है। उन्होंने इसके अलावा लमही स्थित प्रेमचंद आवास और चौखंभा स्थित भारतेन्दु आवास के भी जीर्णोद्वार और ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की है। व्योमेश शुक्ला ने अपने लेटर में लिखा है कि - दालमंडी- चौक मार्ग का चौड़ीकरण तेजी से किया जा रहा है।

### मैरिज एनिवर्सिरी पर पत्नी के न आने पर जान दी

कानपुर। कानपुर के कल्याणपुर में मैरिज एनिवर्सिरी के अगले दिन फैक्ट्री कर्मी ने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक की एक साल पहले औरैया निवासी युवती से शादी हुई थी, पत्नी के मायके से न लौटने पर वह परेशान था। कमरे में पहुंचे बड़े भाई ने शव फंदा से लटकता देख पुलिस को जानकारी दी। कल्याणपुर, आ व ास – विक ास – 3 निवासी उदय नारायण सेना से रिटायर हैं।

# देवरिया में स्कॉर्पियो से 495 लीटर अवैध शराब बरामद

## बिहार लेकर जाई जा रही थी खेप, तस्कर की तलाश

तमसा संकेत, एजेंसी

देवरिया। देवरिया में बनकटा थाना पुलिस ने शनिवार को एक स्कॉर्पियो से 495 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की। यह खेप बिहार ले जाई जा रही थी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.30 लाख रुपए है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस बनकटा थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियो में भारी मात्रा में अवैध शराब बिहार ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अघांव स्थित एक मुर्गी फार्म के पास घेराबंदी कर स्कॉर्पियो (संख्या BR 31 PA 7000) को रोक लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 55 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार,




यह शराब बंटी बबली ब्रांड की थी। प्रत्येक पाउच 200 एमएल का था, और कुल 2475 पाउच वाहन में लदे थे, जिनकी कुल मात्रा 495 लीटर थी। इस मामले में बनकटा थाने में आबकारी अधिनियम की धारा 60 और 72 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब वाहन के मालिक और शराब तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। अधिकारियों ने बताया कि बिहार सीमा से सटे इलाकों में शराब तस्करी रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# शेयर मार्केट निवेश के नाम पर 12 लाख की ठगी

देवरिया। देवरिया में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हाल ही में साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटी कमाई का लालच देकर एक महिला समेत दो लोगों से करीब 12 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का दावा किया है। पहला मामला सलेमपुर उपनगर के हरैया लाला गांव का है। यहां के निवासी संतोष कुमार को टेलीग्राम के माध्यम से एक मैसेज मिला, जिसमें शेयर ट्रेडिंग से अच्छा मुनाफा कमाने का दावा किया गया था। जालसाजों ने उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ने और कम समय में अधिक लाभ दिलाने का भरोसा दिया। इस झांसे में आकर संतोष कुमार ने अलग-अलग खातों में कुल 7 लाख 70 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

# बागेश्वर धाम से लौट रहे 4 लोगों की मौत

## हमीरपुर में कार ट्रक से भिड़ी, मरने वालों में 3 लोग एक ही परिवार के

तमसा संकेत, एजेंसी

हमीरपुर। हमीरपुर में रविवार दोपहर नेशनल हाईवे-34 पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव के पास वैगनआर कार और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी लोग मध्य प्रदेश स्थित बाबा बागेश्वर धाम में दर्शन करने के बाद कानपुर लौट रहे थे।

हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और अंदर की सीटें तक उखड़ गईं। घटना की सूचना मिलते ही मौदहा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

हादसे के बाद मृतकों के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।



### एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

हादसे में नरेंद्र (55), राजकपूर (57), उनकी पत्नी मीना (54) और कार चालक आयुष चौहान (25) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नरेंद्र की पत्नी रेखा (52) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया है। सभी मृतक कानपुर के नवाबगंज क्षेत्र स्थित जागेश्वर मंदिर इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं, जबकि चालक आयुष चौहान लखनऊ का रहने वाला था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

> पुलिस के अनुसार वैगनआर कार में कुल पांच लोग सवार थे। हादसा रविवार दोपहर मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-34 पर हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।



### प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- रॉन्ग साइड से आई थी कार

घटना के समय परिवहन निगम के टीआई सतेंद्र सिंह बसों की चेकिंग के लिए हाईवे किनारे मौजूद थे। उन्होंने बताया कि वैगनआर कार महोबा की ओर से रॉन्ग साइड में आ रही थी और सीधे सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कार में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया गया। उस समय एक महिला की सांस चल रही थी, जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

स्थानीय लोगों ने हाईवे पर बढ़ते सड़क हादसों को लेकर चिंता जताते हुए यातायात नियमों के पालन और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# ई-रिक्शा और नमो भारत में घूमे सांसद राजकुमार सांगवान

## बोले- राष्ट्रहित में ईंधन बचत जरूरी, मेरठ से मोदीनगर तक किया सफर

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। अपनी सादगी के लिए चर्चाओं में रहने वाले बागपत लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का सम्मान करते हुए ई-रिक्शा और नमो भारत में सफर करते दिखे। वह मेरठ स्थित अपने आवास से मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार के बजाय पब्लिक ट्रांस्पोर्ट का इस्तेमाल करते हुए पहुंचे। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत, विदेशी मुद्रा का संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिकता देना राष्ट्रहित में हम सभी का परम कर्तव्य है। यदि प्रत्येक नागरिक सार्वजनिक परिवहन और पर्यावरण अनुकूल



साधनों को अपनाए, तो देश की आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति को और मजबूत किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने अपने क्षेत्र लोगों से भी अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही देश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के चलते आज मेरठ और दिल्ली-NCR की दूरी नाममात्र की रह गई है। रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) पश्चिम उत्तर प्रदेश के लिए एक आधुनिक और ऐतिहासिक सौगात है, जिसने यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया है। जिसका लाभ हमे लेना चाहिए। सांसद राजकुमार सांगवान सामान्य रूप से भी एक ही गाड़ी में अपने ड्राइवर, पीए और गनर के साथ चलते हैं। अब उन्होंने इस पहल से गाड़ी छोड़कर ई- रिक्शा और नमो भारत का इस्तेमाल किया है। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में किसानों से भी इस अपील का पालन करने के लिए कहा।

# चलती कार बनी आग का गोला

## कार सवार के उतरकर भागते ही तेज धमाका, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

- वाराणसी के सारनाथ में चलती स्विफ्ट कार में लगी आग।
- सारनाथ में फ्लाइओवर पर आग लगने के बाद दोनों ओर वाहन रुक गए और सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई।

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में रविवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सारनाथ फ्लाइओवर पर दौड़ती एक तेज रफ्तार कार में अचानक धमाके के साथ आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। घटना के दौरान कार में सवार दो युवक समय रहते बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना सारनाथ फ्लाइओवर पर हुई, जहां पहाड़िया से सारनाथ की ओर जा रही स्विफ्ट कार अचानक



धूं-धूंकर जलने लगी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार उसकी चपेट में आ गई। चलती कार में आग लगने से फ्लाइओवर पर हड़कंप मच गया। कार सवार युवक तुरंत वाहन छोड़कर पीछे की ओर भागे। उन्हें भागता देख आसपास से गुजर रहे वाहन चालक भी रुक गए। आग की तेज लपटें उठने लगीं, जिससे लोगों में डीजल टंकी फटने का डर पैदा हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही कुछ देर के लिए धीमी हो गई और लोग दूर हटकर खड़े हो गए। घटना की सूचना मिलते ही वाराणसी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार सवारों से घटना की जानकारी ली और आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए।

### खरीदारी कर लौट रहे थे युवक

जानकारी के अनुसार चौबेपुर थाना क्षेत्र के बराई निवासी अभिलाष सिंह अपने एक दोस्त के साथ शनिवार रात करीब 11 बजे सारनाथ आए थे। खरीदारी करने के बाद दोनों स्विफ्ट कार से वापस अपने गांव बराई लौट रहे थे। बताया गया कि जैसे ही कार सारनाथ से संदहा चौराहे के बीच फ्लाइओवर पर पहुंची, वाहन अचानक हीट होने लगा। इसी दौरान कार के बोनट से धुआं निकलना शुरू हो गया और कुछ ही क्षणों में चिंगारी के साथ आग भड़क उठी।

### दमकल टीम ने आग पर पाया काबू

कार में लगी आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।

आग की वजह से कार की सीटें, अंदर रखा सामान और अन्य हिस्से जलकर राख हो गए। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन हादसे के बाद काफी देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## तलाश : प्रयागराज में मर्डर में वांटेड, तलाश में 39 दिनों से धूल फांक रही पुलिस

# अतीक का फरार शूटर अब 50 हजार का इनामी

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में माफिया अशरफ के गनर रहे प्रॉपर्टी डीलर इरफान(45) की हत्या का मास्टर-माइंड आसिफ दुर्रानी अब 50 हजार का इनामी हो गया है। उस पर पहले 25 हजार का इनाम था जिसे बढ़ा दिया गया है। दुर्रानी 39 दिन से फरार है और प्रयागराज पुलिस की पांच टीमें उसकी तलाश में खाक छान रही हैं। इनमें एसओजी की तीन टीमें भी शामिल हैं। माफिया अतीक अहमद का कुख्यात शूटर रहा यह गैंगस्टर रील बनाने का शौकीन है और उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ढेरों रील वीडियो पोस्ट कर रखे थे। हत्याकांड के एक दिन बाद यानी नौ अप्रैल तक उसका अकाउंट एक्टिव था लेकिन इसके बाद इसे डिलीट कर दिया गया था। अतीक के आईएस-227 गैंग का सक्रिय



मेंबर आसिफ माफिया भाइयों के सबसे खास शूटरों में गिना जाता था। फिलहाल सरेशान गोली मारकर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के मामले में उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलिस कसारी मसारी से लेकर कौशाम्बी व आसपास के अन्य जनपदों तक उसकी तलाश में खाक छान रही है। इसके साथ ही उसकी बहन समेत दो अन्य आरोपी भी इस मामले में अब तक गिरफ्त से दूर हैं। इस मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी तो नहीं ही हो पाई, अब तक हत्या में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद नहीं की जा सकी है। पुलिस का कहना है कि जेल भेजे जाने से पहले राशिद ने पूछताछ में बताया था।

### कुख्यात शूटर तोता की तस्वीर लगाकर बनाई रील

इनमें से एक रील भी सामने आया है। सूत्रों का कहना है कि इस अकाउंट पर उसने कई पोस्ट किए। डिलीट किए जाने से पहले इस पर आठ रील वीडियो भी मौजूद थे। इन सभी रील में उसने बॉलीवुड मूवीज व वेब सिरीज के डॉयलॉग भी लगाए थे। इन रील में से एक में उसने अतीक अहमद के कुख्यात शूटर जुल्फिकार उर्फ तोता के साथ अपनी फोटो लगाई थी और फोटो पर लिखा था aayenge ek din, Wait & watch।



> खास बात यह है कि दुर्रानी भाइयों की तलाश में सिटी एसओजी के साथ ही सर्विलांव व जनपदीय एसओजी भी लगाई गई है। इसके बावजूद अब तक नतीजा सिफर रहा है। एसओजी-सर्विलांस की तीन टीमें मिलकर भी आसिफ दुर्रानी को पकड़ नहीं सकी है।

### भाई ने मारी थी गोली, भेजा जा चुका है जेल

इस मामले में आसिफ दुर्रानी के भाई राशिद को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पुलिस का दावा है कि उसने ही प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारी थी। दावा यह भी किया जा रहा है कि जिस जगह प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारी गई, उससे कुछ दूर पर ही आसिफ अपने एक साथी के साथ बाइक पर खड़ा था। इस मामले में राशिद समेत पांच आरोपी अब तक जेल भेजे जा चुके हैं।

# बरेली कॉलेज में प्रोन्नत प्रोफेसरों ने सचिव देव मूर्ति का जताया आभार

## प्रोफेसर पद पर पदोन्नति को बताया शैक्षणिक उन्नति की दिशा में ऐतिहासिक कदम

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। Bareilly College के स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत हुए शिक्षकों ने सोमवार को प्रबंध समिति के माननीय सचिव देव मूर्ति के आवास पहुंचकर उनका सम्मानपूर्वक आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने 15 मई 2026 को आयोजित स्क्रीनिंग कमेटी एवं प्रमोशन कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रोन्नत शिक्षकों ने कहा कि यह पदोन्नति केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध कार्य और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और संस्थान में शैक्षणिक वातावरण को नई ऊर्जा



मिलेगी। इस अवसर पर नवप्रोन्नत शिक्षकों ने सचिव देव मूर्ति का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। शिक्षकों ने उनके दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षकों के प्रति सकारात्मक सोच तथा शैक्षणिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। सचिव देव मूर्ति ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। उनकी उपलब्धियां महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी शिक्षक भविष्य में भी शिक्षण, अनुसंधान, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे। कार्यक्रम में पर्यावरण विज्ञान विभाग से डॉ. अनामिका अग्रवाल, डॉ. जसपाल सिंह, डॉ. निष्ठा सेठ एवं डॉ. गौरव भूषण उपस्थित रहे। इसके अलावा एम.एड. विभाग से डॉ. सारा बसु, डॉ. अजीता सिंह तिवारी एवं डॉ. अमिता गुप्ता, गृह विज्ञान विभाग से डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी, बीबीए विभाग से डॉ. डी.पी. सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बायोटेक्नोलॉजी विभाग से डॉ. तृप्ता वर्मा एवं डॉ. शालिनी नगाइच, मनोविज्ञान विभाग से डॉ. हेमा खन्ना एवं डॉ. सुविधा शर्मा तथा बीसीए विभाग से डॉ. रोमा सक्सेना मौजूद रहीं।

# परीक्षा देने गई 23 साल की डीएलएड छात्रा की हत्या

## बरेली में यूनिफॉर्म पहने खेत में शव मिला, मोबाइल गायब

जनसभा

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली में डीएलएड छात्रा की लाश एक खेत में मिली है। वह कॉलेज यूनिफार्म में थी और मुंह से खून निकला हुआ था। 15 मई को वह परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। देर रात तक वापस नहीं आई तो परिजन ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अगले दिन शाम को परिजन को छात्रा की मौत की जानकारी हुई जब पुलिस ने सोशल मीडिया पर पहचान कराने के लिए शव का फोटो शेयर किया। घटना जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर सीबीगंज थानाक्षेत्र की है। युवती शीशगढ़ थानाक्षेत्र के मानपुर गांव की रहने वाली थी और अपने मौसा के घर 3 दिन पहले परीक्षा देने आई थी। परिजन ने युवती के 4 दोस्तों पर हत्या का शक जताया है। पुलिस ने परिजन की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। हत्या की वजह फिलहाल सामने नहीं आ सकी है। उन्होंने बताया- शुक्रवार 15 मई को भी वह रोज की तरह परीक्षा देने के लिए घर से निकली, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। मौसा-मौसी को चिंता हुई। उन्होंने उसके पिता को फोन किया। परिजन उसको तलाशने लगे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। मानपुर गांव के सोमपाल गंगवार (50), सुभाष चंद्र बोस आदर्श विद्यालय के प्रबंधक हैं। पत्नी राजो देवी गृहणी हैं। उनकी 3 बेटियां और एक बेटा है। सबसे बड़ी बेटी पूजा कुमारी (26) की शादी हो चुकी है। दूसरे नंबर पर नीतू गंगवार थी। वह बहेड़ी के दर्शन सिंह डिग्री कॉलेज में डीएलएड की पढ़ाई कर रही थी। पिता सोमपाल ने बताया- नीतू की डीएलएड परीक्षा का केंद्र फरीदपुर के छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज में था। परीक्षा देने के लिए वह इज्जतनगर के आलोकनगर के रहने वाले अपने मौसा प्रेम शंकर के घर गई थी। 3 दिनों से वहीं रुककर पेपर दे रही थी। पुलिस ने तहरीर लेकर सुबह फोटो लेकर बुलाया ताकि सभी थानों में डिटेल शेयर की जा सके। साथ ही कालेज से भी छात्रा के बारे में पता करने की सलाह दी। मौसा ने कहा- जब हमने पहले ही गुमशुदगी और एफआईआर की तहरीर दे रखी थी।




नीतू गंगवार, मृतका

### परिजन ने थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट लिखाई

नीतू के मौसा प्रेम शंकर ने बताया- शुक्रवार को सुबह उन्होंने ही उसे बाइक से बारादरी थानाक्षेत्र के सैटेलाइट बस स्टैंड के पास छोड़कर आए थे। शाम को जब परीक्षा देकर घर नहीं लौटी तो उन्होंने शाम 7 बजे इज्जतनगर थाने में जाकर पुलिस को सूचना दी। पहले तो पुलिस ने उनकी कोई मदद नहीं की। पुलिस ने कहा- मामला बारादरी थाना क्षेत्र की है इसलिए वहां जाकर तहरीर दे दो।

मौसा प्रेम शंकर के अनुसार- नीतू की कुछ लड़कों से अक्सर फोन पर बातचीत होती थी। 15 मई तक उनकी बात हुई थी, लेकिन जब बेटी लापता हो गई तो उनसे संपर्क साधने की कोशिश की गई तो उन्होंने बात होने से साफ मना कर दिया। परिजन ने बताया- 16 मई की शाम को पुलिस ने सोशल मीडिया पर शिनाख्त के लिए एक शव का फोटो शेयर किया। फोटो शेयर होने के बाद हमें पता चला कि वह उनकी बेटी का है। इसके बाद हमने पुलिस से संपर्क किया।





### सीसीटीवी चेक करने पर लापता होने का पता चला

मौसा के मुताबिक- रात को करीब डेढ़ बजे परिजन घर लौटे। सुबह 9 बजे फरीदपुर कालेज पहुंचकर हम लोगों ने कॉलेज की सीसीटीवी चेक की तो पता चला कि लड़की अकेले ही निकली थी। CCTV में वह दोपहर 12.39 बजे निकलते दिखाई दी। हालांकि, कॉलेज जाने वाले रास्ते के CCTV चेक कराए तो वह कॉलेज जाते हुए दिखी, लेकिन वापस लौटते नहीं दिखाई दी। उसके बाद परिजन फरीदपुर थाने गए। वहां तहरीर दी।

# साइबर ठगी का शिकार हुई आंगनवाड़ी कर्मी

## साइबर सेल की मदद से वापस मिले लाखों रुपए

तमसा संकेत, एजेंसी

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में साइबर अपराधियों ने आंगनवाड़ी कर्मी और दोस्त बनकर लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर क्राइम सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 1,14,625 की धोखाधड़ी की राशि उनके खातों में वापस कराई है। साइबर क्राइम सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि थाना हथगांव निवासी राहुल सोनी को एक आंगनवाड़ी कर्मी बनकर लिंक भेजा गया था, जिसके माध्यम से उनसे 35,025 की धोखाधड़ी की गई। साइबर सेल की कार्रवाई के बाद यह पूरी धनराशि आवेदक के बैंक खाते में वापस करा दी गई है। इसी तरह, थाना हथगांव के राजेश कुमार केशरवानी को उनके गांव के एक मित्र बनकर सामान मंगवाने के नाम पर 39,600 का चूना लगाया गया था। एक अन्य मामले में, थाना हुसैनगंज के छत्रपाल सिंह के रिश्तेदार का फोन हैक कर उनसे 40,000 की मांग की गई और ठगी की गई। इन दोनों पीड़ितों का पैसा भी मुकदमा दर्ज कर उनके खातों में वापस करा दिया गया है। प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने आम जनता से साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान वाई-फाई नेटवर्क से जुड़ने से पहले उसकी सुरक्षा जांच लें, क्योंकि मुफ्त वाई-फाई में डेटा चोरी का खतरा रहता है।




फास्ट न्यूज

### महिला ने जेठ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

आंवला। बरेली के आंवला कस्बा क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने और छेड़छाड़ करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। आंवला कस्बे के ही एक मोहल्ले की विवाहिता ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी शादी ढाई वर्ष पूर्व ग्राम जलालपुर थाना कादर चौक जिला बदायूं निवासी दीपक के साथ हुई थी।

### परिवार संग ई-रिक्शा पर घूमे कुमार विश्वास

मथुरा। कवि कुमार विश्वास अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ दो दिनों की धार्मिक यात्रा पर वृंदावन में हैं। शनिवार को यात्रा के पहले दिन वह अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने आश्रम वात्सल्य ग्राम में स्थित संविद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल में साध्वी ऋतम्भरा और श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़ी पुस्तक का विमोचन किया। बच्चों को "राम दृष्टा भी हैं, राम दृष्टि भी हैं..."भजन गाकर सुनाया। इसके बाद वह ई रिक्शा से वृंदावन की गलियों में घूमते हुए दिखाई दिए। उन्होंने परिवार के साथ भगवान रंगनाथ और राधा रमण का दर्शन पूजन किया।

### दहेज उत्पीड़न, बहू को घर से निकाला

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष द्वारा बहू को घर से निकालने का मामला सामने आया है। न्याय न मिलने पर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की महिलाओं ने असोथर थाने का घेराव किया, जिसके बाद पुलिस ने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।
तब गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ असोथर थाना पहुंचीं।

# भीषण गर्मी की चपेट में आगरा, तापमान 43डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## 22 मई तक हीटवेव का अलर्ट, अगले 7 दिन में 47 डिग्री सेल्सियस पार जाएगा पारा

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। ताजनगरी आगरा इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सुबह से ही आसमान से आग बरसती महसूस हो रही है और दोपहर के समय हालात और अधिक कठिन हो जा रहे हैं। सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। रविवार सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। हवा शांत रहने से उमस और गर्मी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। खुले में काम करने वाले लोग छांव की तलाश करते नजर आए, जबकि बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों की आवाजाही कम रही।



आगरा। ताजनगरी आगरा इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सुबह से ही आसमान से आग बरसती महसूस हो रही है और दोपहर के समय हालात और अधिक कठिन हो जा रहे हैं।

सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। रविवार सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण गर्मी का असर साफ दिखाई दिया।

हवा शांत रहने से उमस और गर्मी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। खुले में काम करने वाले लोग छांव की तलाश करते नजर आए, जबकि बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों की आवाजाही कम रही। बीते सप्ताह आंधी और बारिश के कारण मौसम में कुछ नरमी आई थी। कई दिनों तक तापमान नियंत्रित रहा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली थी।

लेकिन अब मौसम पूरी तरह साफ हो गया है और बारिश या आंधी की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।मौसम साफ रहने और हवा न चलने के कारण तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में गर्मी का असर और अधिक गंभीर हो सकता है। मौसम विभाग का कहना है।

### 'राजनीति के लिए भाई की तेरहवीं तक रुक जाते'

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उठाए गए सवालों पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पलटवार किया है। राजभर ने कहा कि "घर में मातम पसरा हुआ है और अखिलेश यादव को राजनीति दिख रही है। कम से कम तेरहवीं तक तो रुक जाते।" आजमगढ़ के अतरौलिया डाक बंगले में बातचीत के दौरान ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव को यह तकलीफ क्यों हो रही है कि मंत्रियों को विभाग नहीं दिए गए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "आप चिंता मत करिए, हमारी पार्टी में शामिल हो जाइए हम मुख्यमंत्री से लड़कर आपको भी एक विभाग दिलवा देंगे, फिर आप भी मजा लीजिएगा।"

# फतेहपुर पुलिस ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

## 5 किलो गांजा, बाइक और मोबाइल फोन बरामद

तमसा संकेत, एजेंसी

फतेहपुर। फतेहपुर के कल्यानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा, एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, रविवार भोर में कल्यानपुर थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से अवैध गांजा लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और महरहा रोड नहर के पास घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को रोक लिया। पुलिस ने जब संदिग्धों की तलाशी ली तो सफेद कपड़े से ढके एक झोले में रखे तीन पैकेट बरामद हुए। जांच करने पर इन पैकेटों से कुल 5 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा मिला। इसके बाद दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम सौंह, थाना कल्यानपुर निवासी सुशील तिवारी पुत्र प्रेमशंकर तिवारी और शिवशंकर तिवारी पुत्र दयाशंकर तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने सुशील तिवारी के पास से एक मोबाइल फोन तथा शिवशंकर तिवारी के पास से 450 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और ऐसे मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## 100 फीट तक घसीटा, टायर के नीचे दबे तड़प रहे युवक को छोड़कर भागा ड्राइवर

# ट्रक ने स्कूटी सवार होटल ट्रेनिंग मैनेजर को कुचला



- ट्रक करीब 100 फीट तक युवक को घसीटते हुए ले गया। सड़क पर खून फैल गया।
- ट्रक के नीचे दबे युवक को लोगों ने बाहर निकाला था। युवक का जूता सड़क पर ही गिर गया।

तमसा संकेत, एजेंसी

उदयपुर। उदयपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया। युवक ट्रक के नीचे फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटता गया। लोगों के शोर मचाने पर ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाया तो युवक सड़क पर गिर गया। युवक के दोनों पैर पिछले टायर के नीचे दब गए। ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने ट्रक को धक्का देकर युवक को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान आगरा निवासी मुकेश पाठक (34) की मौत हो गई।



### ट्रक के नीचे दबे युवक को लोगों ने निकाला

घटना स्थल पर मौजूद शंकर डांगी ने बताया- हादसे के दुकानदार मौके पर पहुंचे। देखा तो युवक ट्रक के नीचे फंसा हुआ था और उसके दोनों पांव पिछले टायर के नीचे दबे थे। ऐसे में ट्रक को पीछे की तरफ धक्का देकर युवक को बाहर निकाला गया।

### 100 फीट तक घसीटते हुए ले गया ट्रक

पुलिस ने बताया कि मुकेश होलीमोंट होटल में ट्रेनिंग मैनेजर थे, नाथद्वारा हाईवे पर स्थित होटल से शोभागपुरा स्थित घर आ रहे थे। हाईवे पर अरबन स्क्वायर मॉल के पास अंबेरी की तरफ से आए ट्रक ने पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी दूसरी तरफ गिर गई और मुकेश पाठक ट्रक के नीचे फंसकर घिसटते हुए 100 फीट तक गए। लोगों ने शोर मचाया तो ड्राइवर ट्रक रोककर भाग गया। ट्रक के पिछले टायर के नीचे मुकेश के दोनों पैर दबे हुए थे। लोगों ने ट्रक को धक्का देकर पीछे धकेला और मुकेश को बाहर निकाला। हादसे में मुकेश पाठक के दोनों पैर टूट गए थे। हादसे के बाद अंबेरी से सुखेर चौराहा की तरफ जाने वाले रास्ते पर जाम लग गया। सूचना पर सुखेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायल को अस्पताल पहुंचाया।

# आगरा के मुक्केबाज कुलदीप ने मलेशिया में दिखाया दम

## नॉकआउट जीत के बाद घर वापसी पर जोरदार स्वागत

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा के शमसाबाद रोड स्थित नोफरी गांव के 21 वर्षीय मुक्केबाज कुलदीप तरकर ने मलेशिया में आयोजित ट्विन इंटरनेशनल प्रो बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। 57 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में कुलदीप ने मेजबान मलेशिया के मुक्केबाज को नॉकआउट कर चैंपियनशिप अपने नाम की। जीत के बाद पहली बार रविवार सुबह 8:00 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस से आगरा कैंट स्टेशन पहुंचने पर खेल प्रेमियों और समाजसेवियों ने चैंपियन का ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। कुलदीप को फूल-मालाओं से लाद दिया गया और भारत माता की जय के नारों से स्टेशन गूंज उठा। कुलदीप तरकर एक साधारण परिवार से आते हैं। नोफरी गांव निवासी उनके पिता छोटा व्यापार करते हैं और मां गृहिणी हैं। पेशेवर मुक्केबाजी में पहचान बनाने के लिए कुलदीप ने दो वर्ष पूर्व दिल्ली में प्रशिक्षण शुरू किया था। यह उनका दूसरा मलेशिया दौरा था। होटल रमाना ग्रैंड में हुई प्रेस वार्ता में कुलदीप ने अपनी जर्नी साझा की। उन्होंने कहा, इस जीत से मुझे मोटिवेशन मिलता है। आगरा के लोग मुझे बेहद प्यार करते हैं। यही प्यार रिंग में मेरी ताकत बनता है। इस सफलता से मुक्केबाजी में आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली है। आगे की तैयारियों पर कुलदीप बोले, आने वाले 3 महीने में मेरी एक और बड़ी फाइट है। एशिया WTC चैंपियनशिप होने वाली है। मेरी नजर अब उस टाइटल को जीतने पर है। इसके लिए मैं 3 महीने और लगातार कड़ी मेहनत करूंगा। देश के लिए और मेडल जीतना ही लक्ष्य है। कुलदीप की इस उपलब्धि से नोफरी गांव समेत पूरे आगरा में जश्न का माहौल है। युवा मुक्केबाजों के लिए कुलदीप अब प्रेरणा बन गए हैं। स्वागत समारोह में शहर के कई कोच, खिलाड़ी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### शिक्षक शिक्षा...

जो दिखाई तो नहीं देती, लेकिन पूरी व्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। बेसिक शिक्षक, शिक्षामित्र और अंशकालिक अनुदेशक उसी मजबूत नींव का हिस्सा हैं, इसलिए उनका सम्मान और मानदेय भी सम्मानजनक होना चाहिए। सरकार ने अनुदेशकों को केवल बढ़ा हुआ मानदेय ही नहीं दिया, बल्कि कई अन्य सुविधाओं की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी अनुदेशकों को 5 लाख रुपए तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही महिला अनुदेशकों को 6 महीने का मातृत्व अवकाश देने का भी निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा विभाग से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी और शिक्षक के हितों को लेकर गंभीर है। आने वाले समय में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत और आधुनिक बनाया जाएगा। अनुदेशकों के मानदेय को लेकर लंबे समय से कानूनी लड़ाई चल रही थी। वर्ष 2017 में तत्कालीन सरकार ने अनुदेशकों का मानदेय लगभग 9 हजार रुपए से बढ़ाकर 17 हजार रुपए करने का निर्णय लिया था, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह फैसला लागू नहीं हो पाया। इसके विरोध में अनुदेशकों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ बेंच में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के तत्कालीन न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपए मानदेय 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश दिया था।

### पीएम मोदी 8 साल...

इससे पहले मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ। ये करीब 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज हैं, जिनमें चोल साम्राज्य से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी है। समझौते के तहत 11वीं सदी की चोल ताम्र पट्टिकाएं जल्द भारत लाई जाएंगी। यह 21 बड़ी और 3 छोटी तांबे की प्लेटों का संग्रह है। इनमें ज्यादातर लेख तमिल भाषा में लिखे गए हैं। मोदी ने कहा कि इन पट्टिकाओं में राजा राजेंद्र चोल प्रथम और उनके पिता राजा राजराजा चोल प्रथम से जुड़ी जानकारी दर्ज है। ताम्र पट्टिकाएं तांबे की बनी प्लेटें होती हैं, जिन पर पुराने समय में अहम बातें लिखी जाती थीं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, 19वीं सदी में जब यूरोपीय देश भारत और एशिया के दूसरे हिस्सों में व्यापार और रिसर्च कर रहे थे, उसी दौरान ये दस्तावेज विदेश ले जाई गईं थीं। द हेग में आयोजित एक कार्यक्रम में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और डच कंपनी ASML के बीच भी समझौता हुआ। यह करार सेमीकंडक्टर और चिप तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए है। ASML दुनिया की प्रमुख चिप मशीन बनाने वाली कंपनियों में शामिल है, जबकि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश बढ़ा रही है। मोदी ने शनिवार को नीदरलैंड के हेग शहर में वहां के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात की। यह मुलाकात शाही महल 'पैलेस हाउस टेन बॉश' में हुई। बैठक के दौरान भारत और नीदरलैंड के रिश्तों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। दोनों ने शिक्षा, तकनीक, सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, वाटर मैनेजमेंट और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम बढ़ाने की बात कही।

### केरलम में सीएम...

UDF ने तिरुवंचूर राधाकृष्णन को विधानसभा स्पीकर और शनीमोल उस्मान को डिप्टी स्पीकर बनाने का फैसला किया है। सतीशन ने कहा कि कैबिनेट में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखा गया है। शपथ ग्रहण 18 मई को तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में सुबह 10 बजे से होगा। कांग्रेस ने केरलम के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद 14 मई को ऐलान किया था कि 61 साल के वीडी सतीशन राज्य के नए सीएम होंगे। वह परावूर सीट से विधायक हैं। घोषणा के बाद सतीशन 14 मई को ही केरलम के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया था। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम CM वीडी सतीशन होंगे। नाम के ऐलान होने का बाद सतीशन ने कहा था कि मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं। मैं वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला समेत सभी नेताओं को अपने विश्वास में लूंगा केरलम में UDF ने 140 में से 102 सीटें जीती हैं। इनमें कांग्रेस की 63 सीटें हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस विधायकों की बैठक में 75-80% विधायकों ने केसी वेणुगोपाल को समर्थन दिया था। वीडी सतीशन को महज 6 विधायकों का समर्थन मिला था। हालांकि, बैठक के बाद तीन पूर्व प्रदेश अध्यक्षों ने सतीशन के नाम का समर्थन किया था। इसके अलावा UDF के सहयोगी दल IUML और केरलम कांग्रेस (जोसेफ) ने खुले तौर पर सतीशन को समर्थन किया।

### पीएम ने शिक्षा मंत्री ...

बार-बार इस 'परीक्षा पे चर्चा' पर आप चुप क्यों हैं? इधर, पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 9वीं आरोपी को CBI ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने बॉटनी टीचर मनीषा मंधारे को 14 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। पुणे की बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा को दिल्ली में CBI हेडक्वार्टर में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी का दावा है कि मंधारे NTA की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा थीं। वह जानती थीं कि एग्जाम में कौन से सवाल आएंगे। उसने एग्जाम से पहले पुणे में स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई। वहां छात्रों को बॉटनी और जूलॉजी के सवाल नोट करवाए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि मंधारे ने पुणे से गिरफ्तार ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे के जरिए NEET देने वाले स्टूडेंट्स को अपने कोचिंग में एडमिशन दिलाया था। CBI ने इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने रविवार को नांदेड़ में एक आरोपी के फ्लैट पर छापा मारा है।

### यूएई के न्यूक्लियर...

हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली है, लेकिन ईरान पर शक जताया जा रहा है। हाल के दिनों में ईरान लगातार UAE को धमकी देता रहा है। युद्ध के दौरान UAE में इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम और अमेरिकी सैनिक मौजूद थे। वहीं, ईरान जंग के बीच एक और LPG टैंकर होर्मुज पार कर भारत पहुंच गया है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला टैंकर 'सिमी' 20 हजार टन LPG लेकर गुजरात के कांडला पोर्ट पहुंचा। रिपोर्ट के मुताबिक, जंग शुरू होने के बाद अब तक 15 LPG जहाज भारत पहुंच चुके हैं। टैंकर 'सिमी' ने 13 मई को होर्मुज स्ट्रेट पार किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत आने वाला LPG जहाज 'MV सनशाइन' भी हाल ही में सुरक्षित तरीके से होर्मुज पार कर चुका है। मस्क्रेव के मुताबिक, इसका असर सिर्फ होर्मुज तक सीमित नहीं रहेगा। इससे दुनिया के दूसरे अहम समुद्री रास्तों को लेकर भी खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर स्पेन भी भूमध्य सागर में आने-जाने वाले जहाजों पर इसी तरह नियंत्रण की घोषणा कर दे, तो इससे वैश्विक व्यापार और समुद्री व्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा।

### लखनऊ में वकीलों ...

पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठियां बरसाईं। इस दौरान भीड़ में से कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवाले भी पत्थर उठाते नजर आए। दरअसल, हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के बाहर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। नगर निगम ने 240 अवैध निर्माण चिह्नित किए थे। इनमें ज्यादातर वकीलों के चैंबर और दुकानें हैं। रविवार सुबह 9 बजे नगर निगम की टीम 10 बुलडोजर और 300 पुलिसवालों के साथ पहुंची। टीम ने करीब 90 चैंबर तोड़ दिए। नगर निगम की टीम चैंबर में लगी चटाइयां और कुर्सियां को गाड़ियों में भरकर ले गई। कार्रवाई के दौरान ही एक वकील ने चैंबर बंद कर फंदे से लटकने की कोशिश की।

## अल नासिर एक भी गोल नहीं कर सकी, गाम्बा ओसाका ने 1-0 से हराया

# एशियन चैंपियंस लीग 2 का फाइनल हारी रोनाल्डो की टीम

**खेल**




**रियाद, एजेंसी**

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासिर एशियाई चैंपियंस लीग 2 का फाइनल हार गई। जापान के क्लब गाम्बा ओसाका ने उसे 1-0 से हराया। मैच में ज्यादा समय गेंद पर पोजेशन और कई मौके मिलने के बावजूद रोनाल्डो और उनके साथी एक भी गोल नहीं कर सके।

दिसंबर 2022 में अल नासिर से जुड़े रोनाल्डो के पास हाफटाइम से पहले बराबरी का सुनहरा मौका था, लेकिन जोआओ फेलिक्स के क्रॉस पर उनका क्लोज-रेंज हेडर गोलपोस्ट के बाहर चला गया। यह हफ्ता अल नासिर के फैंस के लिए निराशाजनक रहा। 5 दिन पहले टीम 2019 के बाद पहली बार सऊदी प्रो लीग जीतने के करीब थी, लेकिन इंजरी टाइम में गोल खाने से खिताब का फैसला आखिरी मैच-डे तक पहुंच गया। हालांकि, अल नासिर के पास अभी भी सऊदी प्रो लीग जीतने का मौका है। टीम अंक तालिका में अल-हिलाल से 2 अंक आगे है। गुरुवार को दमाक के खिलाफ आखिरी मुकाबला जीतकर वह ट्रॉफी अपने नाम कर सकती है।

**चेल्सी से पिछले साल जुलाई में अल नासिर से जुड़े जोआओ फेलिक्स ने मैच खत्म होने से 13 मिनट पहले बॉक्स के बाहर से दमदार लो-शॉट लिया, लेकिन गेंद गोलपोस्ट से टकर-ाकर लौट आई। यहां अल नासिर की किस्मत ने साथ नहीं दिया।**



### डेनिज हैमट ने दागा इकलौता गोल

मैच का इकलौता गोल फर्स्ट हाफ में गाम्बा ओसाका के तुर्की फॉरवर्ड डेनिज हैमट ने किया। उन्होंने 30वें मिनट में डी-एरिया के अंदर से लो-शॉट मारकर गेंद नेट के निचले कोने में पहुंचाई। लंबी VAR जांच के बाद गोल को सही माना गया। हाफटाइम पर चोटिल होकर बाहर हुए मैच विनर हैमट ने कहा, 'मैं गोल करके टीम की मदद करने से बेहद खुश हूँ। दूसरी छमाही में बेंच पर बैठकर मैच देखना काफी तनावपूर्ण था, लेकिन मुझे अपने साथियों पर गर्व है जिन्होंने शानदार डिफेंस किया। अब जश्न मनाने का समय है।'

## आईपीएल-गुजरात 5 जीत के बाद हारी कोलकाता 29 रन से जीती



नई दिल्ली। IPL में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने गुजरात टाइटंस (GT) को 29 रन से हरा दिया। कोलकाता ने ईडन गार्डन्स में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में गुजरात 4 विकेट खोकर 218 रन ही बना सकी। कोलकाता की यह 12 मैचों में 5वीं जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर आ गई है। वहीं, गुजरात 16 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर बरकरार है। कोलकाता के लिए फिन एलन ने 35 गेंदों में 93 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। वहीं अंगकृष रघुवंशी ने नाबाद 82 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 44 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौके और 7 छक्के लगाए।

अंतिम ओवरों में कैमरन ग्रीन ने भी 28 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे 14 रन बनाकर आउट हुए।

248 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए शुभमन गिल ने 49 गेंदों में 85 रन की कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 5 चौके और 7 छक्के लगाए। वहीं चोटिल होने के बाद लौटे साई सुदर्शन ने नाबाद 53 रन बनाए, जबकि जोस बटलर ने 35 गेंदों में 57 रन की पारी खेली। हालांकि, टीम को दूसरे छोर से लगातार विकेट गंवाने पड़े। कोलकाता की ओर से सुनील नरेन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए। सौरभ दुबे और कैमरन ग्रीन को 1-1 विकेट मिला। साई सुदर्शन ने कैमरन ग्रीन की गेंद पर छक्का लगाकर IPL करियर की 18वीं फिफ्टी पूरी कर ली। शॉर्ट और लेग साइड की गेंद पर सुदर्शन ने शानदार पुल शॉट खेला और गेंद को लॉन्ग लेग के ऊपर से सीमा रेखा के पार पहुंचा दिया।

## पाकिस्तान की लड़खड़ाती बल्लेबाजी के बीच बाबर आजम ने बना दिया बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। बांग्लादेशी गेंदबाजों ने एक बार फिर पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत खराब कर दी। सिलहट में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तानी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। थोड़ा बहुत किसी ने लड़ाई लड़ी तो बाबर आजम ने जिन्होंने अर्धशतक ठोक स्टीव स्मिथ की बराबरी कर ली है।

बांग्लादेश ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की और अपनी पहली पारी में 278 रन बनाए। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को भी जमकर परेशान किया और उनका विकेट पर टिकना मुश्किल कर दिया। पाकिस्तान की पूरी टीम 232 रनों पर ही ढेर हो गई और वह बांग्लादेश से 46 रन पीछे है। बाबर आजम ने इस मैच में अर्धशतक जमाया, लेकिन इससे आगे वह अपनी पारी को नहीं ले जा सके। उन्होंने 84 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 68 रनों की पारी खेली।

## फाइनल में चेल्सी को 1-0 से हराया, एंटोनी सेमेन्यो का बैक-हील गोल


# मैनचेस्टर सिटी ने जीता एफए कप फुटबॉल



**लंदन, एजेंसी**

'72वां मिनट...एर्लिंग हालांड का सटीक क्रॉस...एंटोनी सेमेन्यो ने तेजी से दौड़ते हुए गेंद को एड़ी से फ्लिक कर दिया। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए हवा में छलांग लगाई, लेकिन गोल नहीं रोक सके।'

सेमेन्यो के इस हैरतअंगेज गोल ने शनिवार को मैनचेस्टर सिटी को एफए कप का नया चैंपियन बना दिया। 155 साल पुराने इस टूर्नामेंट में शायद ही कोई फाइनल इतने शानदार गोल से जीता गया हो। वेम्बली स्टेडियम में सिटी ने चेल्सी को 1-0 से हराया। टीम के पास इस सीजन में 'डोमेस्टिक ट्रेबल' का मौका है। इस हार के बाद पूर्व क्लब विश्व कप चैंपियन चेल्सी इस सीजन ट्रॉफी नहीं जीत सकेगी। साल की शुरुआत से दो कोच बर्खास्त करने के बाद टीम नए अंतरिम कोच कैलम मैक्फर्लेन के मार्गदर्शन में उतरी थी। सीनियर टीम के साथ यह उनका सिर्फ सातवां मैच था। मैच से पहले चेल्सी फैंस ने अमेरिकी मालिकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया।



### गार्डियोला की 35वीं बड़ी ट्रॉफी

मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला के लिए यह जीत बड़ा मील का पत्थर है। सिटी के साथ 10 साल में यह उनकी 17वीं बड़ी ट्रॉफी, जबकि करियर की कुल 35वीं बड़ी ट्रॉफी है। सिटी ने आठवीं बार एफए कप जीतकर चेल्सी, लिवरपूल और टॉटेनहम के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। आर्सेनल 14 खिताबों के साथ टॉप पर है।

> **पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद दोनों टीमें लगातार गोल की कोशिश कर रही थीं, लेकिन, गोल के मौके नहीं बन रहे थे। तभी 72वें मिनट में घाना के फॉरवर्ड सेमेन्यो की बूट से गोल आया। यह उनका 10वां गोल है। वे टीम को दो ट्रॉफियां जिताने में मदद कर चुके हैं।**

# कोलकाता की उम्मीदें बरकरार

## बेंगलुरु के पास नॉकआउट में पहुंचने का मौका



नई दिल्ली। IPL 2026 के 60 मैच पूरे हो चुके हैं। शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखीं। कोलकाता 12 मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम को अंतिम-4 में पहुंचने के लिए बचे दोनों मैच जीतने होंगे।

आज लीग में दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में बेंगलुरु के पास पंजाब को हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बनने का मौका है। पंजाब के लिए भी यह मुकाबला जीतना जरूरी है।

दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों के लिए यह मैच अहम है। दिल्ली 10 पॉइंट्स के साथ आठवें और राजस्थान 12 पॉइंट्स के साथ पांचवें स्थान पर है।

कोलकाता से हार के बाद भी गुजरात दूसरे स्थान पर बनी हुई है। टीम के 13 मैच में 8 जीत और 5 हार के साथ 16 पॉइंट्स हैं। गुजरात का अगला मैच चेन्नई से है, जिसे उसे जीतना होगा।

बेंगलुरु 16 पॉइंट्स और +1.053 नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर है। टीम पंजाब को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर सकती है। उसे पंजाब और हैदराबाद से मैच खेलना है। गुजरात पर जीत के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स सातवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम के 12 मैचों में 11 पॉइंट्स हैं। KKR को अब मुंबई और दिल्ली से मैच खेलने हैं। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए टीम को दोनों मुकाबले जीतने होंगे। साथ ही दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

हैदराबाद 12 मैच में 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर है। टीम को प्लेऑफ में जाने के लिए 18 मई को चेन्नई और 22 मई को बेंगलुरु को हराना होगा।

**मनोरंजन**

## अदिति ने इस मौके के लिए अपनी स्टाइलिंग को बिल्कुल सादा रखा

# काँस 2026 के रेड कार्पेट पर छाया अदिति राव हैदरी का बोल्ड अंदाज



नई दिल्ली। अदिति राव हैदरी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में टोनी वार्ड कूट्योर के स्प्रिंग/समर 2025 कलेक्शन से एक नियॉन मेटैलिक ग्रीन गाउन पहनकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इंस्टाग्राम पर फ्रेंच रिवेरा की तस्वीरों का एक मोंटाज शेयर करते हुए अदिति ने लिखा, 'हम इसके हकदार हैं! कान्स वाला मूड'। इस अपीयरेंस से पहले, अदिति ने कान्स 2026 से अपना एक और लुक भी शेयर किया था, जिसमें उन्होंने 'चारबाग' से प्रेरित शैम्पेन सिल्क टिश्यू साड़ी पहनी थी।



### कान्स में अदिती की बोल्ड अदाएं

एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने इस लेटेस्ट लुक का एक वीडियो शेयर किया, जिसने ऑनलाइन फैंस का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया। इस वन-शोल्डर गाउन के ऊपरी हिस्से पर बारीक डिजाइन का काम किया गया था, जो इस आउटफिट को एक बोल्ड और स्टाइलिश लुक दे रहा था। इसकी मेटैलिक फिनिश ने इसे रेड कार्पेट पर सबसे अलग दिखाया। Aditi ने इस मौके के लिए अपनी स्टाइलिंग को बिल्कुल सादा रखा। उन्होंने अपने गाउन के साथ एक हीरे का हार और हल्की-फुल्की ज्वेलरी पहनी, और साथ ही हल्का मेकअप किया, जिससे उनके आउटफिट का गहरा रंग और उसका डिजाइन ही सबसे ज्यादा उभरकर सामने आया। 'जेड बाय मोनिका एंड करिश्मा' द्वारा डिजाइन की गई इस आइवरी और गोल्ड साड़ी में मुगल-प्रेरित बारीक काम किया गया था, लेकिन इसका अंदाज़ काफी सादगी भरा और क्लासी था।

**अदिति की यह खास साड़ी शैम्पेन सिल्क टिश्यू कपड़े से बनी थी और 'चारबाग' से प्रेरित थी- जो मुगल वास्तुकला में पाया जाने वाला पारंपरिक चार-भागों वाला बगीचा शैली है। इस आउटफिट में चार अलग-अलग प्रिंट्स का मेल था, जो विभिन्न शिल्प परंपराओं से जुड़े पुराने ब्लॉक-प्रिंटिंग डिजाइनों से लिए गए थे।**

**अदिति हाल ही में गांधी टॉक्स में नजर आई थीं जिसमें उनके साथ विजय सेतुपति और अरविंद स्वामी दिखे थे।**

## 9 लाख रुपए कीमत थी, देखते ही सलीम खान ने डांट लगाई थी

# सलमान खान ने उधार लेकर पिता के लिए घड़ी खरीदी थी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सलमान खान ने हाल ही में बताया कि उन्होंने सबसे पहली महंगी चीज अपने पिता के लिए खरीदी थी। एक्टर ने कहा कि उन्होंने पिता के लिए रोलेक्स की घड़ी खरीदी थी।

वैरायटी इंडिया को दिए इंटरव्यू में सलमान ने कहा, 'जब मैंने दोबारा घड़ियां पहनना शुरू किया तो मेरे पिता ने वही घड़ी मुझे पहनने के लिए दे दी। उस समय मेरे पास इतने पैसे नहीं थे, लेकिन मुझे अपने पिता के लिए वह घड़ी पसंद आई थी।'

उन्होंने बताया कि उस समय उस घड़ी की कीमत करीब 9 लाख रुपए थी। सलमान के पास सिर्फ 4 लाख रुपए थे। बाकी पैसे उन्होंने उधार लेकर वह घड़ी खरीदी थी और अपने पिता को दी थी। वहीं, सलमान ने एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अपनी दूसरी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका अस्थायी नाम SVC63 है। इसके अलावा, वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सलमान डायरेक्टर जोड़ी राज निदिमोरू और कृष्णा डी.के. के साथ एक सुपरहीरो एक्शन फिल्म में भी काम कर सकते हैं। ऐसी भी चर्चा है कि इस प्रोजेक्ट में वह करीना कपूर खान के साथ काम कर सकते हैं।



### घड़ी देखकर सलीम खान ने डांट लगाई थी

सलमान ने आगे कहा, 'जब मैंने वह घड़ी अपने पिता को दिखाई, तो उन्होंने कहा कि तुमने अभी ठीक से काम करना भी शुरू नहीं किया है और तुमने ये सब करना शुरू कर दिया? क्या तुम खुद को सुल्तान ऑफ ब्रुनेई (राजा) समझते हो? यह घड़ी बड़ी बेकार की चीज है।' लेकिन बाद में सलीम खान ने घड़ी को देखकर कहा था, 'ओह, यह तो ज्वेलरी का पीस है।' सलमान ने आगे कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी के 26-28 साल तक घड़ियां पहनना बंद कर दिया था। अब अगर लोग उन्हें अलग-अलग घड़ियां पहने देखते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे सारी घड़ियां उनकी हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे पास सिर्फ वही एक रोलेक्स है, बाकी सब दोस्तों की हैं।'

### सलमान बोले- जिंदगी में किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी

इसी इंटरव्यू में सलमान ने बताया कि उन्होंने आज तक कभी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कभी स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी। मैंने स्क्रिप्ट लिखी हैं, लेकिन पढ़ी नहीं हैं।'

सलमान ने अपने करियर में मुख्य रूप से 'चंद्रमुखी', 'वीर' और 'दबंग 3' जैसी फिल्मों की कहानी लिखी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द ही फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' में नजर आएंगे। इस फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी होंगी।

## पाकिस्तानी एक्ट्रेस दानानीर मोबीन ने देवदास को बताया 'ओवररेटेड' फिल्म

नई दिल्ली। पाकिस्तानी एक्ट्रेस दानानीर मोबीन ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हो गईं। उन्होंने बॉलीवुड की कल्ट फिल्म देवदास को ओवररेटेड फिल्म बताया और सवाल उठाया कि लोग आज भी इसे क्लासिक क्यों मानते हैं? मैशन के साथ एक बातचीत के दौरान की गई उनकी टिप्पणियां तुरंत वायरल हो गईं और फैंस से उन्हें तीखी प्रतिक्रियाएं मिलीं। साल 2002 संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 2002 की इस फिल्म में शाह रुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। आज भी सालों बाद इसका संगीत, सीन्स, एक्टिंग और इमोशनल कहानी की तारीफ होती है। इस वजह से ही इसे कल्ट मूवी का दर्जा मिला था। लेकिन दानानीर को इस फिल्म की इतनी ज्यादा लोकप्रियता समझ नहीं आती। जब उनसे पूछा गया कि उनकी नजर में कौन सी क्लासिक फिल्म जरूरत से ज्यादा सराही गई है, तो उन्होंने देवदास का नाम लिया और कहा, "कहानी क्या है? एक शराबी है, एक ऐसी औरत है जिसका कोई आत्मसम्मान नहीं है, एक ऐसा बाप है जो (बीप साउंड) करता है, और एक औरत है जिसे उस आदमी पर थोपा जाता है।

## विजय और तृषा पर पूछे सवाल पर भड़कीं मालविका मोहनन

नई दिल्ली। एक्ट्रेस मालविका मोहनन से हाल ही में एक इवेंट के दौरान विजय और तृषा को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर मालविका नाराज हो गईं। साथ ही बाद में उन्होंने X पर पोस्ट कर कहा कि कुछ सवाल सिर्फ सनसनी फैलाने के उद्देश्य से पूछे गए थे।

मालविका ने X पर लिखा, 'मैं कल एक इवेंट में गई थी। वहां मौजूद तमिलनाडु मीडिया और सभी पत्रकारों के लिए मेरे मन में पूरा सम्मान है, लेकिन कुछ लोगों ने बार-बार ऐसे सवाल पूछे, जो बिल्कुल जरूरी नहीं थे और सिर्फ सनसनी फैलाने वाले थे।' एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'थलापति विजय को मैं पिछले सात सालों से जानती हूं। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं और उन्हें अपना दोस्त मानकर खुद को खुशकिस्मत समझती हूं। उनका सफर सच में बेहद शानदार रहा है। मैं चाहूंगी कि आगे से मीडिया बातचीत के दौरान सभी लोग सम्मान और समझदारी बनाए रखें, ताकि किसी को असहज महसूस न हो। धन्यवाद।' दरअसल, चेन्नई में आयोजित एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान मालविका से पूछा गया था कि एक्ट्रेस तृषा कृष्णन अक्सर विजय के साथ कई जगह नजर आती हैं, तो क्या उन्हें भी उनके साथ यात्रा करने का कोई तरीका पता है।

